हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

13 गरीबी का प्रतिकार करने परिवार के साथ बेटियां भी थाम ली वाहन की स्टेरिंग



13 नवनिर्वाचित सरपंच व पंच माँ बम्लेश्वरी की शरण में





## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर लोगों को डराने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाम्बे आवास उरला दुर्ग निवासी दीपक बघेल को पकड़ा गया। आरोपी धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। पेट्रोलिंग पार्टी पहुंचने पर युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से प्रतिबंधित आकर के धारदार बटनदार स्टील का चाकू जब्त किया है। कार्रवाई में मोहन नगर प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 105 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का किया परिचालन



**भिलाई।** प्रयागराज में आयोकुंभ के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख शहरों स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, इतवारी एवं गोंदिया से स्पेशल ट्रेनों का सफल परिचालन किया गया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों से कुंभ स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की, जिससे श्रद्धालुओं को प्रयागराज में कुंभ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कुल 105 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से 43 कुंभ स्पेशल ट्रेनें और अन्य रेलवे के विभिन्न शहरों से शुरू होकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली कुल 62 कुंभ स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। स्पेशल ट्रेनों में से 96 ट्रेनों का अब तक परिचालन किया जा चुका है। 9 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बाकी है। इन ट्रेनों से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के हजारों श्रद्धालु यात्रियों को कुंभ मेले में शामिल होने का अवसर मिला।

### एजीएम रायचौधरी व दो अधिकारी दल्ली स्थानांतरित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दो अधिकारियों का भिलाई से दल्ली राजहरा माइंस तबादला किया गया है। इनमें एक अधिकारी पिछले अट्ठाइस साल से पर्सनल में जमे हुए थे। सहायक महाप्रबंधक तुषार रायचौधरी एचआरटीएस पर्सनल इस्पात भवन भिलाई से दल्ली माइंस स्थानांतरित किए गए हैं। इनके अलावा गिरीश कुमार मढ़रिया पर्सनल मिल्स भिलाई इस्पात संयंत्र को भी दल्लीराजहरा माइंस स्थानांतरित किया गया है। श्री रायचौधरी 28,29 वर्ष से भिलाई पर्सनल में कार्यरत थे।

**योजनाओं के फंड और अनुदान पर ग्रहण का खतरा**

# 138 निकायों ने सालों से जमा नहीं कराया 15.75 करोड़ का ऑडिट शुल्क, दुर्ग-भिलाई का 4.29 करोड़ से ज्यादा बकाया

**राज्य शासन ने सभी निकाय प्रमुखों को जारी किया नोटिस, चुंगी कर से कटौती की तैयारी**

अतुल अग्रवाल ▶▶| भिलाई

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के 138 निकाय ऐसे हैं, जिन्होंने शासन के ऑडिट का करीब 15.75 करोड़ रुपए सालों से दबाकर रखा है। कई निकाय ऐसे हैं, जिन्होंने 1991 के बाद से शासन को ऑडिट का पैसा जमा नहीं कराया है।

शासन ने इसे लेकर इन सभी निकायों को नोटिस जारी कर तत्काल यह बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा सालाना दी जाने वाली चुंकी कर की राशि से कटौती का अल्टीमेटक दिया है।

### रायपुर और भिलाई दो निगम ऐसे ,जिनका सबसे ज्यादा बकाया

जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि रायपुर और भिलाई दो ऐसे निगम हैं, जिनका सबसे ज्यादा बकाया है। रायपुर की जहां ऑडिट शुल्क के रूप में 3,60,72,438 रुपए की देनदारी है। वहीं भिलाई को 3,46,89,659 रुपए देने हैं। इसके अलावा बिलासपुर को 1,95,64,254, दुर्ग को 82,99,984, रायगढ़ को 49,38,964, कोरबा को 63,04,860, राजनांदगांव को 71,23,588 हजार रुपए देने हैं। ये सभी ऐसे निकाय हैं, जिनकी देनेदारी 2001 के बाद की है। लगातार इन निगमों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन कभी भी राशि को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। वर्तमान में वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्ती से निपटने की तैयारी की है।

**प्रदेश के 11 ऐसे निगम**

### जिन्होंने सालों से जमा नहीं किया ऑडिट शुल्क (रु.में)

| निगम - | शुल्क |
|---|---|
| रायपुर- | 3,60,72,438 |
| बीरगांव- | 3,20,387 |
| धमतरी- | 60,11,087 |
| दुर्ग - | 82,99,984 |
| भिलाई- | 3,46,89,659 |
| कोरबा- | 63,04,860 |
| रायगढ़ - | 49,38,964 |
| राजनांदगांव- | 71,23,588 |
| अंबिकापुर- | 5,26,302 |
| जगलदपुर- | 44,65,626 |
| बिलासपुर- | 1,95,64,254 |





### दुर्ग-भिलाई ने 2008-09 से नहीं जमा कराया ऑडिट शुल्क

दुर्ग और भिलाई नगर निगम ने 2008-09 से ऑडिट शुल्क जमा नहीं कराया है। यह राशि साल दर साल बढ़ते जा रही है। इसे लेकर लेख संपरीक्षा विभाग द्वारा लगातार नोटिस भी जारी किया गया है। दोनों ही निगमों का 2016-17 कर का बकाया ऑडिट शुल्क रिकार्ड में शामिल किया गया है। इसके बाद ऑडिट की प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से शुल्क चार्ज नहीं किया गया है।

इसमें सभी 11 निगमों के 11.59 करोड़, 38 नगर पालिकाओं के 2.35 करोड़ और 86 नगर पंचायतों के 1.80 करोड़ रुपए बकाया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा संचालक ने यह नोटिस जारी किया है।

दुर्ग और भिलाई निगम के आयुक्तों को भी नोटिस जारी किया गया है। इसमें दुर्ग का 82,99, 984 रुपए और भिलाई का 3,46,89, 659 लाख रुपए बकाया है। इस प्रकार इन सभी निकायों को रिमाइंडर नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि शासन का विधानसभा सत्र जारी है। आगामी दिनों में पेश होने वाले बजट को ध्यान रखते हुए शासन स्तर पर यह नोटिस जारी किया गया है।

# येस बैंक के निजी खाते से 165 करोड़ का लेनदेन, अनिमेष मामले ने फिर तूल पकड़ा

**कई आएंगे लपेटे में, खुर्सीपार और भिलाई नगर में दर्ज हुआ था मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

येस बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर उसमें करोड़ों रुपए के लेनदेन के मामले में प्रदेश के उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दो माह में जांच फिर से पूरी करने को कहा है। न्यायालय को 21 अप्रैल 2025 तक इसे पूर्ण कर जानकारी प्रदान करने की बात कही है। जनवरी में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की डबल बेंच ने डीजीपी से व्यक्तिगत शपथ पत्र देकर संपूर्ण जानकारी प्रदान करने कहा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक येस बैंक को मामले में पक्षकार बनाकर बैंक के अधिवक्ता से यश बैंक में खोले गए अनिमेश सिंह के नाम के खाते से होने वाले सभी लेनदेन की पूर्ण जानकारी न्यायालय को बताए जाने की अपेक्षा की गई थी। हाल ही में यश बैंक की अधिवक्ता ने खाते से किए गए लेन-देन के मामले में जानकारियां न्यायालय के समक्ष पेश की। जिस पर छत्तीसगढ़ सरकार के महाधिवक्ता ने मामले की पुनः जांच किए जाने न्यायालय से निवेदन किया। ज्ञात हो कि मामले में खुर्सीपार, भिलाई नगर थाने में दो अलग अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पहले प्रथम सूचना रिपोर्ट अनिमेष सिंह द्वारा लिखी गई थी। जिसका क्रमांक 20/2020 था। रिपोर्ट के लिखे जाने के अगले ही दिन रायपुर के बड़े और जाने माने सिविल ठेकेदार हितेश चौबे ने अपनी तरफ से काउंटर एफआई आर दर्ज करा दी थी। जिसका अपराध क्रमांक 24/2020 था। प्रथम सूचना के तुरंत बाद लीपापोती की कार्रवाई करते हुए अनिमेष सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट को शासन द्वारा खत्म किए जाने के लिए न्यायालय को लिखा गया। जबकि हितेश चौबे के द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर पर अब तक जांच चल रही है।

### 21 अप्रैल तक सरकार को दोबारा जांच करने के निर्देश

अनिमेष सिंह के प्रकरण में विधिवत जमानत ले लिए जाने के बावजूद डीजीपी द्वारा पेश किए गए शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया। बल्कि अनिमेष सिंह को भगोड़ा घोषित करते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा 21 अप्रैल 2025 तक राज्य सरकार को पुनः विधिवत जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट देने निर्देशित किया है। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कहा है कि सीबीआई से जांच के विकल्प खुले हुए हैं। याचिकाकर्ता द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ऐसे में यदि शासन द्वारा उचित प्रकार से जांच कर कार्यवाही नहीं की गई तो न्यायालय के सामने सीबीआई से जांच और कार्यवाही का विकल्प खुला रहेगा।



- शहर के कई नामचीन लोगों के नाम भी आएंगे सामने
- खातों में लेन-देन करने वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई
- भिलाई-दुर्ग व रायपुर के कई नामों की चर्चा

### अपराधियों के खिलाफ नजीर

पिछले तीन वर्षों से चल रही अपराधिक रिट याचिका में जिस प्रकार सुनवाई की गई है। वह अपने आप में अपराधियों के खिलाफ एक नजीर है। शासन के पास इस मामले में निष्पक्ष जांच कर सभी नामवार अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे डालने का अवसर मिला है। यदि याचिकाकर्ता शासन की जांच से संतुष्ट रहते हैं तो न्यायालय को इसकी सूचना प्रदान की जाएगी। अन्यथा सीबीआई से जांच किए जाने के लिए न्यायालय के आदेश अनुसार कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

- सतीश कुमार त्रिपाठी, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता

### हवाला के माध्यम से पैसे का लेनदेन

अनिमेष सिंह के नाम से खोले गए खातो में हवाला के माध्यम से पैसे का लेनदेन हुआ है। न्यायालय द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद अब परत दर परत खुलकर सामने आएगा। यह भी संभावना है कि महादेव सट्टा कांड के लोगों का पैसा भी इस खाते के साथ जुड़ा होगा। राज्य सरकार द्वारा दो माह के भीतर जांच कर कार्रवाई के लिए न्यायालय ने जो अपेक्षा की है उससे समाज के आर्थिक अपराधी तत्वों को यह स्पष्ट संदेश जा रहा है कि अपराधी के किए गए कृत्य का आनंद अपराधी कुछ समय अवश्य उठा सकता है। लेकिन अंततः अपराधियों को उनके कृत्य की अंतिम सजा को भोगना ही पड़ता है।

-प्रभुनाथ मिश्रा ,याचिकाकर्ता





## निगम की सफाई कर्मी के साथ राज मिस्त्री ने किया अनाचार, अपराध दर्ज

**सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना, आरोपी मुंगेली का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी का झांसा देकर भिलाई निगम की सफाई कर्मी के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 351 (2), 64 (2) एम, 69 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करने वाला ग्राम बिरजाकलकापा थाना लालपुर जिला मुंगेली निवासी किशन यादव 30 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर अनाचार किया है। महिला भिलाई निगम में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत है जो भिलाई में किराए के मकान लेकर रहती है। महिला विवाहित है और सात साल से अपने पति से अलग रहती है। महिला के दो बच्चे भी हैं जिनमें एक उसके साथ रहता है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि किशन यादव भिलाई में राज मिस्त्री का काम कर रहा था। तब महिला का उससे परिचय हुआ। महिला के मुताबिक 28 अगस्त 2022 की शाम को किराए के मकान में पहुंचा और शादी का प्रलोभन देकर अनाचार किया। विरोध करने पर नौकरी से निकलवाने की धमकी देता रहा है। महिला ने अंतिम बार उसने 12 फरवरी 2025 को उसके साथ अनाचार किया।

### युवक की डूबने से मौत, मर्ग कायम



**भिलाई।** दोस्तों के साथ नहाने गए युवक का महामरा नदी में डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर गोताखोरो और पुलिस मौके पर पहुंची शव को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गया नगर दुर्ग निवासी यश निर्मलकर अपने दोस्तों के साथ नहाने महामरा एनीकेट गया हुआ था। नदी में अचानक डूब गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई।

**भिलाई नगर निगम का निर्णय**

# जमीन आवंटन के दो साल के भीतर निर्माण नहीं तो 50 प्रतिशत क्षतिपूर्ति लेगा भिलाई निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई (पूर्व साडा) के दौरान हजारों व्यक्तियों द्वारा भूखण्ड आबंटन करा लिया गया है। लेकिन उनके द्वारा अभी तक आबंटित भूखण्डो पर मकान का निर्माण नहीं किया गया है। ऐसे सभी आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक योजनाओं में आबंटित भूखण्ड पर समय अवधि में निर्माण नहीं करने पर क्षतिपूर्ति लिया जाता है। जिसका दर आवासीय भूखण्ड पर 5 रूपये प्रति वर्ग फुट, आवास सह व्यवसाय पर 10 रूपये प्रति वर्ग फुट एवं व्यवसायिक भूखण्ड पर 20 रूपये प्रति वर्ग फुट के दर से जमा करने का प्रावधान पूर्व में पारित था। उसी के आधार पर क्षतिपूर्ति जमा कराया जा रहा था। मकान नहीं निर्माण करने के कारण नगर निगम के संपत्तिकर का बहुत नुकसान हो रहा है। जबकि भूखण्ड आबंटन के समय अवधि के बाद 2 वर्ष के अंदर मकान का निर्माण करना अनिवार्य होता है। इसी शर्तें पर भूखण्ड का आबंटन किया गया है।

### इस दर से ली जाएगी क्षतिपूर्ति

महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाये जाने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसमें महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद क्षतिपूर्ति राशि जमा करने वालों पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त दर से जमा करने का अनुशंसा मिला है। यह राशि आवासीय पर 7.50 रूपये प्रति वर्ग फुट, आवास सह व्यवसाय पर 15 रूपये प्रति वर्ग फुट एवं व्यवसायिक पर 30 रूपये प्रति वर्ग फुट के दर से जमा करना होगा। समिति ने यह भी निर्णय लिया था कि जिन आबंटिती द्वारा 31 मार्च 2027 तक रिक्त भूखण्ड पर नियमानुसार निर्माण नहीं किया जा रहा है। उन्हे 31 अप्रैल.2026 के पूर्व लीज डीड उल्लेखित नियमानुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त कर निर्माण करना होगा। 31 मार्च 2026 तक भवन निर्माण नहीं किये जाने पर सामान्य सभा की बैठक में अनुमति लेकर निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकेगी।

### भूखडों को निरस्त करने का भी निर्णय

मकान निर्माण नहीं करने वाले आबंटितो को क्षतिपूर्ति, भू-भाटक, निर्माण करने हेतु नोटिस दिया जावे, जिससे निगम की आय बढ़े। कुछ आबंटितो द्वारा भूखण्ड खरीद लिया गया है, निर्माण नहीं किया जा रहा है। बहुत से ऐसे हितग्राही है, जिन्हे आवास, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसाय के लिए भूखण्ड की आवश्यकता है, उन्हे भूखण्ड प्राप्त नहीं हो रहा है। भूखण्डो को निरस्त कर नये व्यक्तियों को आबंटित करेंगे।



# धमधा में भी कांग्रेस और भाजपा को बहुमत जुटाने बहाना पड़ेगा पसीना

## 9 भाजपा, 8 कांग्रेस व 8 स्वतंत्र प्रत्याशी हुए जनपद सदस्य निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग और पाटन की तरह धमधा जनपद में भी भाजपा और कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नही मिला है। ऐसे में दुर्ग और पाटन की तरह ही दोनो पार्टी निर्दलीय प्रत्याशियें पर निर्भर रहेगें। आगामी चार मार्च को तीनों जनपदों का निर्वाचन तय किया गया है। इसके पहले भी भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है।

पता चला हैं कि, निर्दलीय प्रत्याशियों को साधने के लिए उन्हे अध्यक्ष से लेकर उपाध्यक्ष पद में सुशोभित करने का भी वादा किया जा रहा है। धमधा में आठ निर्दलीय जीतकर आए है। इनकी जीत ने भाजपा और कांग्रेस की मुश्किले बढा दी हैं। भाजपा द्वारा कई बडे नेताओं को निर्दलियों के पीछे लगा दिया गया हैं। तृतीय चरण के मतदान पश्चात निर्वाचित प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने बाद राजनीतिक दलो से प्राप्त आंकड़े के मुताबिक 9 भाजपा, 8 कांग्रेस व 8 जनपद निर्वाचन क्षेत्रो में स्वतंत्र प्रत्याशी जनपद सदस्य निर्वाचित हैं। वही 25 सदस्यीय धमधा जनपद पंचायत में बहुमत के लिए 13 जनपद सदस्य चाहिए। ऐसे में यहां जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में स्वतंत्र प्रत्याशियों की भूमिका निर्णायक रहेगी।

### दो जनपद में भाजपा पूरी तरह से सक्रिय

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीनों चरणों का परिणाम आ जाने के बाद जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर पंचायत प्रतिनिधि व विभिन्न राजनीतिक दल सक्रिय हो गए है। पाटन जनपद में भी किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं थी। यहां 10 सीट भाजपा, 8 कांग्रेस एवं 7 जनपद निर्वचन क्षेत्रो में स्वतंत्र प्रत्याशी जीतकर आए हैं। भाजपा यहां 3 स्वतंत्र प्रत्याशियों को अपने पाले में लाकर बहुमत की स्थिति में आ गई है। मगर दुर्ग जनपद में भाजपा अब तक किसी स्वतंत्र प्रत्याशी को अपने पाले में लाने में सफल नहीं हुआ। इसी प्रकार धमधा जनपद में किसी भी स्वतंत्र प्रत्याशी को अपने पाले शामिल करने में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को सफलता नहीं मिली है।

### धमधा जनपद में जीतने वाले प्रत्याशियों की स्थिति



धमधा जनपद पंचायत 25 सीट में क्षेत्र क्रमांक 1 से हेमकुमारी जंघेल, क्षेत्र 2 चंद्रिका गोंड़, क्षेत्र 3 गीतेश्वरी वर्मा, क्षेत्र 4 जयसिंह राजपूत, क्षेत्र 5 रमा साहू, क्षेत्र 6 लछनी बाई आडिल , क्षेत्र 7 मंजू पाटिल, क्षेत्र 8 राजेश साहू, क्षेत्र 9 रंजना मनहरे, क्षेत्र 10 नागेश कुमार साहू , क्षेत्र 11 एकता भोजराज साहू, क्षेत्र 12 हेमा साहू, क्षेत्र 13 सतकुमारी सोनके, क्षेत्र 14 ज्योति देवांगन, क्षेत्र 15 सुरेश बारले, क्षेत्र 16 भूपेन्द्र साहू, क्षेत्र 17 लिमन साहू, क्षेत्र 18 प्रीतम यादव, क्षेत्र 19 सतरूपा बाई पटेल, क्षेत्र 20 कन्हैया साहू, क्षेत्र 2 1 देहुति साहू, क्षेत्र 22 रुखमणी वर्मा, क्षेत्र 23 तिथेश्वरी वर्मा, क्षेत्र 24 प्रीति देवांगन एवं क्षेत्र 25 से केबी वर्मा जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### रसमड़ा-गनियारी के सरपंच ने सांसद से की भेंट



**दुर्ग।** दुर्ग समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच मोतिम बालकिशन निषाद व पंच एवं गनियारी के नवनिर्वाचित सरपंच संतोषी कुलेश्वर साहू न पूर्व सरपंच रामखिलावन यादव एवं शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामअधीन पारकर के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद एवं सहयोग मांगा । रसमड़ा के पंचों में सीताराम निर्मलकर, रामाधार निषाद बालकिशन निषाद, संजु पारकर, नरेश साहू, बसंत निर्मलकर टोमन लाल साहू, रंजना यादव, बिशाखा साहू, सरस्वती निर्मलकर सतरुपा निषाद ललिता निषाद कुमुन्नी पारकर, फुलकुवर ठाकुर शकुन ठाकुर, केजा यादव, प्रीतिशिखा, कौशिल्या साहू आदि पंचो के अलावा अन्य प्रमूखो में भाजपा बुथ अध्यक्ष सोहन निर्मलकर पूर्व संरपच कामिनीशिखा भाजपा नेता रुपेश यादव भगवानी साहू, द्रेवेन्द्र वैष्णव, नवीन देवदास , डालु साहू, डिलेश्वर सिन्हा हीरु पारकर, बंटी ठाकुर सहित पचासो की संख्या में पंचगण सर्मथक युवा महिला कार्यकर्ता शामिल थे।

### राज्यपाल द्वारा संस्थाओं को दी गई आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के मंशा-अनुरूप बीमार, वरिष्ठजनों एवं विशेष बच्चों के देख-रेख की आवश्यकता वाले दुर्ग जिले में कार्यरत तीन संस्थाओं को विगत दिवस राजभवन रायपुर में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों के जीविकोपार्जन को सुनिश्चित करने हेतु कार्यरत इंडियन रेडक्रास सोसायटी दुर्ग को वृद्धाश्रम संचालन हेतु एक लाख रूपए की सहयोग राशि प्रदान किया गया है। जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के तौर पर इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग द्वारा आर्थिक सहायता का धनादेश प्राप्त किया गया। इसी क्रम में गंभीर और बीमार वृद्धों के देख-रेख एवं चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु समाज कल्याण विभाग से अनुदानित संस्था ब्राईट शिक्षण एवं मानव कल्याण समिति, कादम्बरी नगर दुर्ग को एक लाख रूपए का आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। जिसे संस्था के अध्यक्ष राजू राजपूत द्वारा ग्रहण किया गया। इसी प्रकार दृष्टिबाधित बच्चों के शिक्षकीय कार्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्था तुलसी लोक विकास संस्थान जामुल जिला दुर्ग को एक लाख रूपए का अनुग्रह राशि प्रदाय किया गया। इसे संस्था प्रमुख संध्या द्विवेदी द्वारा ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### परगना ढीमर समाज ने निकाली शोभायात्रा



**दुर्ग।** दुर्ग परगना ढीमर समाज के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ द्वारा प्रयागराज के प्रतीक शिवलिंग द्वारा पूजा अर्चना करते हुए एवं बाबा जटेश्वरनाथ की मूर्ति की झांकी शहर के ढीमर पारा से होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए भगवान अर्धनारीश्वर मंदिर प्रांगण ग्राम नगपुरा कोटनी एनीकेट के पास पहुंची। जिसमें युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी द्वारा दुर्ग शहर के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद में शामिल ललित ढीमर ,जीतू महोबिया , खिलावन मटियारा अतिथि सम्मान सामी का पौधा और गमछे श्रीफल भेंट किए । शिव शक्ति धाम में पूजा अर्चना कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाते हुए महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, अति विशिष्ट अतिथि मेयर अल्का बाघमार , पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर , नरेंद्र बंजारे आदि मौजूद थे।

## देश का मिनी इंडिया कहे जाने वाले दुर्ग-भिलाई में जमीनें हो गई महंगी

# पच्चीस साल पहले बीस करोड़, चौबीस साल में 342 करोड़ जमीन का कारोबार

राहुल शर्मा ⏭दुर्ग

*छग राज्य बनने के चौबीस साल बाद दुर्ग जिले में जमीन का कारोबार 342 करोड तक पहुंच गया हैं। वर्ष 2000 में जिला पंजीयक को महज बीस करोड का ही राजस्व मिला था। लेकिन साल दर साल जमीन का कारोबार करोडों से अरबों तक पहुंच गया। पिछले साल यानि वर्ष 2023-24 में 342 करोड़ का कारोबार दर्ज किया गया।*

हर साल सरकार के बढ़ते राजस्व के चलते पहली बार दुर्ग जिले को भारी भरकम टारगेट दे दिया गया हैं। जानकारी अनुसार पिछले साल 2023-24 में जिला पंजीयन को 360 करोड़ रूपए का टारगेट दिया गया था।

इस दौरान 31 मार्च को 342 करोड की आय विभाग को प्राप्त हुई थी। अमूमन दर्ज रिकार्ड की माने तो राज्य शासन जिला पंजीयक विभाग को हर साल सिर्फ पचास करोड रूपए की बढोत्तरी करते आई हैं। लेकिन वर्तमान में चल रहे वित्तिय वर्ष 2024-25 में पहली बार राजस्व 560 करोड रूपए कर दिया गया है। यानि पिछले अर्जित 342 करोड के आय के मुकाबले 65 फीसदी बढोत्तरी की गई हैं। यानि सीधे 218 करोड की बढोत्तरी ने अफसरों के पसीने छुडा दिए हैं।

खास खबर

### हर साल बढ़ रहा जमीन का कारोबार, सरकार का भी भर रहा खजाना

#### तीस फीसदी छूट बंद, आय 56 फीसदी तक सिमटी



राज्य शासन द्वारा कांग्रेस शासन के कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट को पिछले साल से बंद कर दिया गया है। माना जा रहा है कि, इसी वजह से कारोबार इस बार कम दर्ज की गई हैं। इस बार जिला पंजीयक को 560 करोड का टारगेट दिया गया है। जिसमें अब तक 314 करोड यानि 56.20 फीसदी ही आय प्राप्त हुई हैं।

#### पिछले साल 95 फीसदी की आय

कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट एक अप्रैल से बंद किए जाने के ऐलान के बाद वित्तिय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को आधी रात तक जमकर रजिस्ट्री दर्ज की गई। हांलाकि टारगेट से अधिक रजिस्ट्री का अनुमान गलत साबित हुआ और कारोबार 95 फीसदी तक सिमट गया। यानि 360 करोड के सालाना टारगेट में जिला पंजीयक विभाग को 342 करोड का आय प्राप्त हुआ है।

#### इस बार कलेक्टर दर को लेकर टिकी नजरे

पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार काबिज हो गई थी। एक अप्रैल से भाजपा की सरकार ने कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट को बंद कर दिया गया था। लेकिन कलेक्टर गाइड लाइन को यथावथ रखा गया था। वही इस साल कलेक्टर गाइड लाइन को लेकर इन्वेस्टर नजर बनाए हुए हैं। नया कलेक्टर गाइड लाइन एक अप्रैल से लागू होने वाला हैं।

| वर्ष | आय |
|---|---|
| 2000-01 | 207038594 |
| 2001-02 | 217139537 |
| 2002-03 | 255434844 |
| 2003-04 | 288461942 |
| 2004-05 | 417877771 |
| 2005-06 | 550276174 |
| 2006-07 | 670982947 |
| 2007-08 | 772276919 |
| 2008-09 | 747140567 |
| 2009-10 | 828686988 |
| 2010-11 | 1217372213 |
| 2011-12 | 1594713737 |
| 2012-13 | 1490756450 |
| 2013-14 | 1567060745 |
| 2014-15 | 1490029066 |
| 2015-16 | 1601010459 |
| 2016-17 | 1319937851 |
| 2017-18 | 1445898798 |
| 2018-19 | 1449486000 |
| 2019-20 | 1713264801 |
| 2020-21 | 2137040000 |
| 2021-22 | 2526821695 |
| 2022-23 | 3000000000 |
| 2023-24 | 3420000000 |
| 2024-25 | चालू वर्ष |

# संभागायुक्त ने अपराधी को निरूद्ध करने दिये आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

संभाग के आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता प्राधिकारी सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ, अवैध व्यापार, निवारक अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत आदेश पारित कर लक्की महार पिता स्व. सोहन महार निवासी शिवपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग को 6 माह के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने हेतु आदेशित किया है। 24 फरवरी 2025 को आदेश पारित के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईशतगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार कोतवाली थाना दुर्ग में लक्की महार के विरूद्ध वर्ष 2023 एवं 2024 में लगातार नारकोटिक्स एक्ट के कुल 2 मामले एवं आर्म एक्ट का मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अनावेदक के विरूद्ध मारपीट के 2 मामले तथा समय-समय प्रतिबंधात्मक मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। अनावेदक के विरूद्ध दर्ज नारकोटिक्स एक्ट का मामला सीजेएम न्यायालय दुर्ग में विचाराधीन है। लक्की जेल से जमानत पर छूट जाने के पश्चात लगातार आपराधिक गतिविधियों पर संलग्न रहा है तथा उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार प्रतीत नही होता है। वर्तमान में भी अनावेदक के विरूद्ध गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। अनावेदक के जमानत पर न्यायालय से छूट जाने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने से संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर लक्की महार को जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी लक्की महार के द्वारा आदतन अपराध घटित होने के कारण उस पर अंकुश लगाने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत उस पर कार्यवाही की गई। इसके बावजूद भी इसकी आदतों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ, बल्कि ये अपराधी बन गया है। आम जनता में इसके आतंक से भय व्याप्त हो गया है। लोग इसके विरूद्ध रिपोर्ट करने की साहस करना तो दूर, इसकी उपस्थिति की सूचना देने तक के लिए घबराते हैं। अनावेदक के विरूद्ध पुलिस द्वारा आपराधिक एवं प्रतिबंधात्क कार्रवाई कर पृथक-पृथक न्यायिक दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये गये। इसके भय एवं आतंक के कारण कोई भी जनसाधारण न्यायालय में गवाही देने से बचता है।

### मादक पदार्थों की बिक्री में थी संलिप्तता

अपराध करने के बाद भी कुछ दिन जेल में रहकर छूट जाता है और पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाता है। संभाग आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता प्राधिकारी श्री राठौर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 24 फरवरी 2025 को न्यायालयीन आदेश पारित कर मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लक्की महार को केन्द्रीय जेल दुर्ग में 06 माह के लिए निरूद्ध करने के आदेश दिये हैं।

# महापौर ने विद्यार्थियों की ली क्लास, पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- लगन के साथ पढ़ाई कर बच्चे बने अधिकारी, नाम रोशन करें : अल्का
- तिलक सम्मान समारोह में शामिल हुई मेयर



नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर पद के लिए स-सम्मान निर्वाचित हुई हैं। इस उपलक्ष्य में अपनों को अपने के बीच तिलक सम्मान समारोह कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूल में पहुँचे। कार्यक्रम के बाद महापौर अलका बाघमार विद्यार्थियों के कक्ष में बच्चो के बीच पहुँचे। महापौर को अपने बीच पाकर विद्यार्थी बहुत उत्साहित और प्रसन्न दिखाई दिए। बीस मिनट तक विद्यार्थियों को पढ़ाई, साफ सफाई, सोशल मीडिया से दूर रहने व पढ़ाई में विशेष ध्यान रखने व अन्य विषयों को सांझा किया। उन्होंने बताया कि, जब हम पढ़ाई किया करते थे। उस समय और अभी में बहुत अंतर आ गया है। बच्चो के बीच आकर अपना बचपन याद किया।जिसे सुनकर छात्र-छात्रा रोमांचित भी हुए,बच्चो को संबंधित विषयों की जानकारी दी और जीवन मे आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि, बच्चे अच्छे से पढ़ाई करे और अपने माता पिता का नाम रोशन करे। बच्चो से कहा की सुबह नगर निगम को कचरा कर दे, इधर उधर न फेखने दे। अपने घर के आस पास साफ सफाई अवश्य रखें।

### ग्रामीणों ने मनाया जश्न

अंडा। दुर्ग जनपद पंचायत चुनाव में क्षेत्र से ग्राम कुथरेल, भानपुरी एवं जंजगिरी से कुथरेल के युवा प्रत्याशी लोमश चन्द्रकार जनपद सदस्य पद के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का ऐतिहासिक जश्न मनाया।

# बसों के परिचालक का भी लेना होगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- बिना चलने वाली बसों पर उड़नदस्ता की सघन जाँच कार्रवाई



परिवहन उड़नदस्ता दुर्ग द्वारा समय समय पर विभिन्न मार्गों में संचालित होने वाली बसों की जाँच कर कमीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। परिवहन मुख्यालय के पर यात्री बसों में चलने वाले परिचालकों के लायसेंस बनाने हेतु पूर्व में बस ऑपरेटरों, बस यूनियन की बैठक लेकर शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें परिचालकों के लिए लायसेंस अनिवार्य रूप से बनाने तथा बिना परिचालक लायसेंस के बस संचालित नहीं करने दिशा निर्देश जारी किए गए थे। शिविर के माध्यम से बस परिचालकों के द्वारा परिचालक लायसेंस बनाया गया था। किंतु अभी भी बहुत से बसों में परिचालक बिना परिचालक लाइसेंस के चल रहे हैं अब ऐसे बसों की जाँच सघन रूप से की जा रही है तथा जिन बसों में परिचालकों के पास परिचालक लाइसेंस नहीं है। उन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। माह जनवरी फ़रवरी में बिना परिचालक वर्दी के 125 बसों पर ,बिना किराया सूची के क़रीबन 31 बसों पर और बिना परिचालक लायसेंस के चलने वाले क़रीबन 180 यात्री बसों पर कार्रवाई किया गया है। बिना परमिट के आठ तथा अखिल भारतीय पर्यटक परमिट पर चलने वाले यात्री बसों पर क़रीबन दस बसों पर कार्रवाई किया गया। बिना परिचालक लाइसेंस चलने वाली बसों पर ये कार्रवाई लगातार अभी जारी रहेगी। इसके लिए समस्त बस संचालकों से अपील है कि, अपने परिचालकों के परिचालक लाइसेंस बनाना सुनिश्चित करें तथा बिना परिचालक लाइसेंस की बसें संचालित न करें अन्यथा उन पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। माह जनवरी फरवरी में लगभग 381 बसों पर कार्यवाही कर लगभग तीन लाख पाँच हज़ार शमन शुल्क शासन के खाते में जमा कराया गया।

# विस में गूंजा छत्तीसगढ़ के प्रथम सी-मार्ट का मुददा, गरमाया सदन

## भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने गुरुवार विधानसभा में लोगों के लिए रोजगार का केन्द्र सी-मार्ट का मुददा उठाया।विधायक यादव के सवाल पर सदन में जमकर हंगामा भी हुआ। प्रश्नकाल में विधायक ने छत्तीसगढ़ के प्रथम सी-मार्ट भिलाई को बंद किए जाने को लेकर सवाल किया।जिस पर कांग्रेस और सत्तादल के विधायकों के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल के विधायकों ने अपने-अपने तर्क दिए और बहस को बढ़ता हुआ देख मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक श्री यादव के सवालों का जवाब दिया। विधायक देवेन्द्र ने नगर निगम भिलाई के सी-मार्ट के संचालन को लेकर सवाल लगाया गया था।जिसमें उन्होंने निगम भिलाई के अंतर्गत संचालित सी-मार्ट की वर्तमान स्थिति क्या है? क्या उनका संचालन किया जा रहा है? यदि हां तो उनमें किन उत्पादनों का विक्रय किया जा रहा है यदि बंद है तो उसको पुनः संचालित किया जाएगा या नहीं जानकारी चाही थी। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बताया कि नगर पालिक निगम, भिलाई अंतर्गत स्थित सी-मार्ट संचालन एवं संधारण कार्य का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। सितंबर.2023 में मेसर्स विनिल इंटरप्राईजेस को दिया गया था, किन्तु एजेंसी द्वारा निर्धारित संचालन एवं संधारण हेतु किराया/ यूजर चार्ज, मुख्य कार्यालय में जमा नहीं किये जाने की वजह से 27 दिसंबर .2024 को किराया/यूजर चार्जेस जमा करने हेतु नोटिस दिया गया है, परन्तु एजेन्सी के द्वारा निर्धारित किराया/यूजर चार्जेस आज पर्यन्त तक जमा नही किया गया है। वर्तमान में एजेंसी द्वारा सी-मार्ट का संचालन न किये जाने के कारण बंद है। सी-मार्ट का संचालन शुरू करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही चल रही है।

### सिवरेज के 75 प्रभावितों को मिलेगा पीएम आवास

**भिलाई।** जोन-04 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मकान बनाया गया था, जिसका सिवरेज सिस्टम अंडर ग्राउण्ड पीछे के तरफ था। आबादी बढ़ने के साथ-साथ सिवरेज सिस्टम भी पुराना होने के कारण स्थानीय हजारो परिवारो को जल निकासी की परेशानी हो रही है। बारिस के दिनो में उधर की स्थिति और खराब हो जाता है। नगर निगम भिलाई द्वारा शासन को अंडर ग्राउण्ड सिवरेज सिस्टम बदलने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किया गया था। जिसे शासन द्वारा लगभग 10 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माणाधीन एजेंसी को कार्य दिया गया है, जिसे अप्रेल 2025 तक पूर्ण करके देना है। 75 स्थानीय निवासियो द्वारा सिवरेज सिस्टम के उपर मकान, शौचालय, बाथरूम, रसोई बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

## आयुक्त ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

# नवनिर्वाचित मेयर सहित पार्षद 1 मार्च को लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



बढ़े विलंब के बाद आखिर भाजपा ने महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण को लेकर तारीख तय कर ली है। आगामी एक मार्च को नवनिर्वाचित महापौर और साठ पार्षद नगरनिगम परिसर में सुबह दस बजे शपथ ग्रहण करेगें। तिथि तय होने के बाद गुरूवार को आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर सभी को जिम्मेदारी दे दी हैं। इस आयोजन में मुख्य अथिति छत्तीसगढ़ राज्य उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथिगण पूर्व ससंद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, शहर विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर, विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा, विधायक रिकेश सेन, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व चेयरमेन छग राज्य हाउसिंग बोर्ड भूपेंद्र सवन्नी, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक एवं पूर्व स्थायी सचिव जितेंद्र वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार सहित 60 निर्वाचित पार्षदों के साथ सुबह 10 बजे शपथ दिलाएंगी।

### शपथ ग्रहण के बाद होगा प्रथम सम्मेलन

आगामी 1 मार्च सुबह 10 बजे सिर्फ शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया हैं। बताया बताया गया कि, इसके बाद प्रथम सम्मेलन की तिथि तय की जाएगी। उसी दिन सभापति और अपील समिति के सदस्यों का चुनाव भी कराया जाएगा। जिसके बाद महापौर अपने टीम का गठन करेगी। बहरहाल सिर्फ शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में भाजपा के 40 कांग्रेस के 12 पार्षद और 8 निर्दलीय पार्षद मौजूद रहेंगे।

### शपथ ग्रहण के बाद आएंगे पर्यवेक्षक

प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को दुर्ग नगरनिगम में सभापति नियुक्त करने पर्यवेक्षक बनाया गया है। वे अभी तक यहां नही पहुंचे है। लेकिन भाजपा के नेताओं का कहना हैं कि, शपथ ग्रहण के बाद वे यहां पार्षदों से रायशुमारी करने पहुंचेगें। जिसके बाद प्रथम सम्मेलन के दिन प्रत्याशी तय होगे। इधर कांग्रेस में भी सभापति के लिए मशक्कत शुरू हो गई हैं।

# विष्णु महायज्ञ मंदिर ओटेबंद बगीचा में 11 दिवसीय मेला कल से होगा शुरू

संजय साहू ▶▶| अंडा

दुर्ग जिला और बालोद जिला के अंतिम छोर मध्य खप्परवाड़ा से 3 किमी के दूरी पर श्री विष्णु धाम महायज्ञ मंदिर ओटेबंद बगीचा की इतिहास क्या है, और कब से लग रही है मेला इसकी जानकारी विस्तार से दिया गया है। जिसमें 1 मार्च से छत्तीसगढ़ राज्य की पावनधरा ओटेबंद में विराजित श्री विष्णु महायज्ञ मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। श्री विष्णु के दरबार में सालो साल से भक्तों का मेला लगे रहता है। यहां महाशिवरात्रि के 2 दिन बाद 11 दिनों का महायज्ञ मेला होता है, यह महायज्ञ मेला का 65 वां वर्ष होने जा रहा हे।

## महायज्ञ मेला का 65 वां वर्ष, कलश यात्रा और पूजा-अर्चना कर होगा शुरुआत



### ओटेबंद मन्दिर की विशेषताएं

ओटेबंद मेले में विभिन्न जगहों से हजारों साधु संत एवं नागा साधु संत आते हैं। दूर-दूर से यह लाखों की संख्या में भक्त श्री विष्णु जी का आशीर्वाद लेने आते हैं। श्री विष्णु का मंदिर भक्तों द्वारा दान की सहयोग से बनाया गया है, जिसमें ओटेबंद के निकट सिरसिदा, द्वारकाडीह, खप्पड़वाड़ा, मतवारी, रिसामा, चिरपोटी, परसदा एवं समस्त ग्रामों का विशेष सहयोग प्रदान रहा। बाजार ठेकेदार पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकार ने बताया की ओटेबंद मंदिर का गार्डन- मन्दिर में आने वाले भक्तों के लिए आराम करने बैठने के उत्तम व्यवस्था के लिए गार्डन बनाए हुए है जिसमें भक्त आराम कर सकते हैं। अनिल कुमार सिन्हा का बड़े-बड़े झुला लगे हुए हैं। वहीं प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि इस भव्य 11 दिवसीय महायज्ञ में आनंद लेने पहुंचे।

जहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। महायज्ञ 62 वर्ष पूर्व भक्तों के द्वारा शुभारंभ किए गए थे। जो परंपरा भक्तों द्वारा आज भी प्रचलित चलन में है।

ओटेबंद अपने आप में एक विशेष महत्व रखने वाला एक छोटा सा गांव है, बालोद जिले के तहसील गुण्डरदेही के मध्य लगा हुआ ओटेबंद गांव अपने समक्ष एक विशाल एवं भक्तों का लोकप्रिय ग्राम है। दुर्ग से बालोद रोड 18 किलोमीटर दूरी पर ग्राम अंडा के समीपस्थ लगा हुआ है। मंदिर के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बब्ला चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, शेर सिंह, भगवान सिंह चन्द्राकर, रोहित चंद्राकर एवं समस्त सदस्य गण ने बताया कि श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में 1 मार्च से 11 मार्च तक किया जाएगा। जिस महायज्ञ में बड़े-बड़े साधु संत द्वारा महायज्ञ किए जाते हैं, जो एक स्वरूप मन की शुद्धिकरण एवं मनोवांछित फल पूर्ण होते हैं। विशाल महायज्ञ में भक्त अनेक मनोकामनाएं के लिए आते हैं जो विष्णु महायज्ञ में मनोकामना पूर्ण होती है। श्री विष्णु महायज्ञ के साथ-साथ भागवत प्रवचन 3 मार्च से 11 मार्च, समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भागवताचार्य प्रवचन पं. प्रमोद कृष्ण दास महाराज श्री वृंदावन वाले के द्वारा भागवत प्रवचन सुनने का भक्त आनन्द लेंगे। रात्रिकालीन रामलीला 1 मार्च से 11 मार्च तक समय रात्रि 7.30 बजे से श्री भरत राम लीला मंडली ग्राम सतमरा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर किया प्रसादी वितरण

**उतई।** नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा वहीं मंदिरों में हर हर महादेव की जयकार गुंजायमान रहा। नगर के गोंडवाना मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसादी के रूप में खिचड़ी वितरण किया गया। नगर के बाजार चौक सब्जी मार्केट में स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित बूढ़ादेव मंदिर, पाटन पुल में स्थित श्रीराम दरबार, गांधी चौक में स्थित शिव मंदिर, बजरंग नगर के शिव मंदिर, आदर्श नगर, इंदिरा नगर, मिलपारा, हथखोज पारा, नयापारा बंजारी पारा में स्थित शिव मंदिर सहित नगर के सभी शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की गई वहीं समिति द्वारा प्रसादी वितरण किया गया।

## निधन

### कमलेश गनवानी



**भिलाई।** जैन मंदिर रोड भिलाई-3 निवासी कमलेश गनवानी उम्र 62 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 फरवरी को एकता नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जय प्रकाश, नरेश गनवानी के भाई व गौरव एवं वर्षा गनवानी के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सावित्री देवी अग्रवाल



**भिलाई।** गली नंबर 34, प्रजापति भवन के पास, दशहरा मैदान शांतिनगर वैशाली नगर निवासी सावित्री देवी अग्रवाल का निधन 27 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. ब्रह्मा अग्रवाल की पत्नी एवं मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### हरि मित्तल धीर



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मचारी हरि मित्तल धीर उम्र 91 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 फरवरी शुक्रवार को 219 ए रिसाली सेक्टर स्थित निवास से रिसाली मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे राजेंद्र, सुरेंद्र, रमा, गीता और ज्योति के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अंचल के शिव मंदिरों में भगवान शिव का रूद्राभिषेक के लिए भक्तों का लगा तांता

# महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति और आध्यात्मिक जागरुकता का प्रतीक है: विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तालपुरी बी ब्लॉक में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मन्दिर भंडार कक्ष का भूमिपूजन कर समस्त क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और भगवान शिव के जयकारा लगाकर सभी क्षेत्रवासियों को पावन पर्व की शुभकामनाएं दिए।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि महाशिवरात्रि हमारे हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व भगवान शिव व माता पार्वती को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन भक्त उपवास रखते हैं, शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, शहद और गंगा जल अर्पित कर भगवान शिव जी की आराधना करते हैं। भगवान शिव उनके व्रत उपवास से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद देते हैं। इस महत्वपूर्ण दिन पर लोग भगवान शिव के साकार और निराकार स्वरुप की अद्वितीयता को समझने का प्रयास करते हैं। महाशिवरात्रि का पावन पर्व हमें तात्पर्य, समर्पण और आत्मा की शुद्धता के लिए प्रेरित करता है। विधायक चंद्राकर ने आगे कहा महाशिवरात्रि भक्ति और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय और सच्ची आस्था का महत्व सिखाता है। यह पर्व से न केवल धार्मिक भावनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह मानव को शान्ति, समृद्धि और समर्थन के भावों से युक्त करता है। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, यमलेश देवांगन, रवि दत्ता, असीम सिंग, टिकेश ठाकुर, कीर्ति वर्मा, कुबेर देशमुख, ओमवीर सिंह, टीएस ठाकुर, श्यामलाल व समस्त शिव भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रुद्राभिषेक एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित



### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने की महाकाल की पूजा-अर्चना



**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बोरिद में स्थित भव्य महाकाल का पंडित ईश्वर शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार से पूजा-अर्चना, जलाभिषेक कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली की मंगलकामना किए। उन्होंने ग्रामीणों को महाशिवरात्रि की बधाई प्रेषित करते हुए सभी का हालचाल जाना। इस दौरान पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिपं सदस्य नोमिन ठाकुर, जनपद सदस्य रश्मि वर्मा, भेदप्रकाश वर्मा, कमलेश नेताम, रिंकू वर्मा, केशव वर्मा, निलेश बंछोर, राजू वर्मा, पिंकू वर्मा, मनीष वर्मा, मनोज वर्मा सहित ग्रामवासी एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### बजरंग चौक सेलूद में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**सेलूद।** पाटन ब्लॉक के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सेलूद के वार्ड क्रमांक 2 बजरंग चौक कन्या हाई स्कूल के सामने स्थित श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाई गई। सुबह पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शाम रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषक किया गया। मुख्य यजमान के रूप में गोलू वर्मा और बीनू वर्मा ने पंडित परमानंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अभिषेक पूजा किया। इसके बाद हवन यज्ञ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति जयश्री वर्मा, अशोक जैन, बल्लू राय, दिनेश साहू, रवि पटेल, संतोष वर्मा, बलराम यादव, विष्णु निर्मलकर, भूपेंद्र वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, सतीश साहू, भीषणारायण सेन, संजय साहू, लक्ष्मीकांत यादव, आयुष वर्मा, मानसी यादव, रिया वर्मा, कान्हा साहू आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### नवनिर्वाचित सरपंच व पंच माँ बम्लेश्वरी की शरण में



**सेलूद।** पाटन ब्लाक के सबसे बड़े व जागरुक गांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जैसे ही सम्पन्न हुआ। पंच, सरपंच, जनपद, जिला जीतने वाले प्रत्याशी अपने पार्टी के बड़े नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद अब देवी देवताओं की शरण में आशीर्वाद प्राप्त करने सभी जा रहे हैं। गुरुवार को उसी कड़ी में सेलूद पंचायत के सभी कांग्रेस समर्थित 12 पंच व सरपंच शपथ ग्रहण के पहले डोगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। ग्राम सेलूद के नव निर्वाचित सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि भगवान की पूजा-अर्चना के साथ ही हम लोगों ने चुनाव प्रचार की शुरुआत किये थे और आज सभी लोगों को ग्राम सेलूद के मतदाताओं का आशीर्वाद मिला तो गांव के सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सभी एक साथ माँ बम्लेश्वरी से आशीर्वाद प्राप्त करने आये है कि जनता ने हमे जीन आशा व अपेक्षाओं के साथ चुना है हम उनके आशा अपेक्षाओं पर खरे उतर सके ऐसा हमें आशीर्वाद प्रदान करो। इस अवसर पर ग्राम सेलुद के कांग्रेस समर्थित सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे] पंच योगेश चंदेल] रवि पटेल] धनंजय साहू, राकेश साहू, देवला साहू, भुनेश्वरी साहू, सुभाष बंछोर, रमेश कश्यप, होमिन खोईलन बारले, करण धनकर, इंद्राणी वर्मा साथ ही जयश्री वर्मा, सत्यभामा बंछोर, त्रिभुवन यदु आदि उपस्थित थे।

### निर्वाचित पंचो ने सांसद विजय से लिया आशीर्वाद



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के भाजपा समर्थित पंचो ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से निर्वाचित होने के बाद सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद ग्रहण किया। सांसद ने कहा कि सबको बधाई प्रेषित करता हूँ। साथ ही सेलूद की जनता ने भाजपा को विपक्ष की भूमिका का जनादेश दिया है तो आप सब सशक्त विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए आम जनता को भाजपा शासन की योजना का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करे। प्रजातंत्र में जनता का आदेश सर्वोपरि होता है जितने भी भाई बहन जीत कर आये है वो सुचारू रूप से विष्णुदेव साय और मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहे। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, खेमिन साहू सरपंच, टामन लाल साहू अध्यक्ष सोसायटी, कृष्णकुमार साहू, तारेंद्र बंछोर, महेश्वर बंछोर, लवण बंजारे, निर्वाचित पंच गण चंचल यादव, सुशील ठाकुर, जय प्रकाश साहू, नीतू बंछोर, प्रिया देवांगन, सुनीता ठाकुर, पार्वती ठाकुर, उषा यादव सहित तुकाराम सेन, अशोक यादव, लाभचंद जैन, जयन्त साहू, चम्मन साहू, वेंकट धनकर, गेंदलाल बंछोर, रितेश देवांगन, तामेश्वर बंजारे, राजू देवांगन, रमाकांत साहू, सुनीता सेन, पीताम्बरी साहू, भोज साहू, लक्ष्मी साहू, तामेश्वरी बंजारे, डिलेश्वरी देवांगन, सविता कुर्रे, गणेश्वरी साहू, गोदावरी साहू उपस्थित थे।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक पाटन में आयोजित



**पाटन।** श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ का गुरुवार को पाटन विश्राम गृह में दुर्ग जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के उपस्थिति मे बैठक आयोजित किया गया। जिसमे पत्रकारिता जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा होने के साथ श्रमजीवी पत्रकार संघ पाटन ब्लॉक में पदाधिकारियों और सदस्यों का पुनर्गठन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पाटन ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार साथियों के सर्व सहमति से श्रमजीवी पत्रकार संघ पाटन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष विमल थापा, कोमल वैष्णव, सचिव बीआर साहू, कोषाध्यक्ष खूबीराम साहू, सरंक्षक राजकुमार सिंह, युसूफ खान, महासचिव कुलदीप वैष्णव, मीडिया प्रभारी आकाश तिवारी, भूषण देशलहरे को बनाया गया। बैठक में श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष ललित साहू, जिला उपाध्यक्ष कुंजलाल भारती, जिला सरंक्षक एवं सलाहकार वीरेन्द पूरी गोस्वामी, जिला सचिव नवरात्री ऐश्वर्या, अश्वनी जांगड़े, मोहम्मद रेहान खान, शैलेन्द्र कुमार साहू, खिलेश साहू, हरीश साहू, गुरमीत सिंह मेहरा पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र में चुनाव होने के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए जोड़-तोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



■ निर्दलीय प्रत्याशी का भी रहा है अच्छा दबदबा

जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र में कुल 25 सदस्यों के चुनाव सम्पन्न होने के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए जोड़-तोड़ शुरू हो गया है। इस बार भाजपा एवं कांग्रेस से अधिकृत के अलावा बागी प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय भी का दबदबा अच्छा रहा है। कुल 25 क्षेत्र में भाजपा एवं कांग्रेस ने कुछ क्षेत्रों में खाली छोड़ भी दिया था जिसमें भाजपा पेनल से 10 सदस्य, काग्रेस से 7 तथा निर्दलीय 8 सदस्य चुनकर आये हैं। अध्यक्ष का पद महिला सामान्य है। इस बार पूर्व जनपद अध्यक्ष रामबाई सिन्हा एवं हर्षा लोकमणी चन्द्राकार को करारी हार का सामना करना पड़ा है। बहरहाल भाजपा ने अध्यक्ष पद की दावेदारी कर सकते हैं। निर्दलीय प्रत्याशी अगर कांग्रेस को अध्यक्ष बनाने में सहयोग करेंगे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी जिसके लिए जोड़-तोड़ शुरू हो गया है। अध्यक्ष बनाने के लिए 13 सदस्य बहुमत जोड़ना पड़ेगा जो भाजपा के लिए आसान हो सकता है। विजयी प्रत्याशी के नाम इस प्रकार हैं क्षेत्र क्रं 1 से कस्तुरी बंजारे, 2 से कीर्ती नायक, 3 से प्रणव शर्मा, 4 से शैलेश साहू, 5 से दामिनी साहू, 6 से रेखा जोशी, 7 से संतोषी ठाकुर, 8 से कुलेश्वर मानकुंवर, 9 से आनंद बघेल, 10 से सीता सुरेश निषाद, 11 से उर्वशी वर्मा, 12 से चंद्रिका बलिहारी, 13 से रामसुमेर छेदैहा, 14 से दुलौरिन नेतराम यादव, 15 दीप माला जैन, 16 से कुसुम लता आडिल, 17 से भावना बिष्णु निषाद, 18 से दिनेश साहू, 19 कमलेश वर्मा, 20 से रश्मी वर्मा, 21 से भास्कर वर्मा, 22से रामकुमार चन्द्राकर, 23 से खेमलाल देशलहरा, 24 से अजय साहू, क्षेत्र क्रं 25 से रवि सिन्हा विजयी हुए हैं। दो बार जनपद सदस्य बनने वाले दिनेश साहू और भाजपा से रवि सिन्हा और खेमलाल देशलहरा पूर्व में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। सबसे अधिक मत से जीतने वाले सदस्य प्रणव शर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पुरूषोत्तम तिवारी को हराकर पहले बार जनपद पहुंचे हैं। अब देखना है कि जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष किसके पक्ष में जायेगा। बहरहाल किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण जोड़ तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है।

## गरीबी का प्रतिकार करने परिवार के साथ बेटियों ने थाम ली वाहन की स्टेरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



■ आय के स्रोत अर्जित करने ई रिक्शा का सहारा लिया

पाटन तहसील के पास चांगोरी गांव की बेटियों ने गरीबी का प्रतिकार करने ई-रिक्शा का स्टेरिंग थाम कर अंचल की बेटियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाम अनुपमा कुर्रे वह छोटी बहन सानिया कुर्रे ग्राम चांगोरी तहसील पाटन पिता शीतल कुर्रे जूट बोरे की सिलाई करते हैं और सुपेला में रहते हैं। घर में गरीबी थी और एक की कमाई से परिवार चला पाना मुश्किल था इसलिए पिता शीतल ने अपनी पत्नी राधिका कुर्रे के लिए एक सवारी वाहक ई रिक्शा खरीदा। सीधी सरल गृहणी राधिका ई रिक्शा चलाने का साहस नहीं जुटा पाई तब उनकी दोनों बेटियां अनुपमा और सानिया के भीतर एक संकल्प ने जन्म लिया और वह ग्राम चांगोरी में ई रिक्शा चलाने का अभ्यास करने लगी। तहसील मुख्यालय होने व खरीद फरोख्त के लिए ग्राम चांगोरी वालों का पाटन आना-जाना लगा रहता है दोनों बहनों ने चांगोरी से बठेना होते हुए पाटन तक की सवारी ढोना शुरू किया जिसमें उन्हें आशातीत सफलता मिली। रिक्शा की उपलब्धता से गांव वालों का आवागमन भी सुलभ हो गया और आज चंगोरी से लेकर पाटन तक इन बेटियों को रिक्शा चलाते हुए देखना सुखद लगता है।

गांव से शहर में तब्दील हो रहे पाटन में यूं तो ई-रिक्शा की भरमार है और अंचल में आवागमन सुलभ करने में ई-रिक्शा काफी कारगर साबित हुआ है मगर यह अंचल की प्रथम दो बेटियां हैं जिन्होंने आय के स्रोत अर्जित करने ई रिक्शा का सहारा लिया और सफल है। पूछने पर अनुपमा ने बताया कि वे रोजाना 400 से 600 तक की कमाई कर लेती है जिनसे उनके जीवन शैली में सुधार हुआ है मगर बात यहीं समाप्त नहीं होती उनका एक बड़ा भाई भी है सूर्यकांत कुर्रे वह भी ई रिक्शा चलाते हैं मगर सवारी ढोने वाली नहीं बल्कि समान परिवहन करने वाली वे रिक्शा किराए पर नहीं उठाते बल्कि रिक्शा में सब्जी भरकर गांव-गांव बेचते हैं। कुल जमा निष्कर्ष यह कि घर में पांच सदस्य जिसमें चार कमाऊ और मां राधिका गृहणी कहा जाता है जहां काम करने की नियत हो मेहनत करने का जज्बा हो और साथ में ईमानदारी हो तो ईश्वर भी साथ देते हैं बेरोजगारी का रोना रोने वाले युवक-युवतियों के लिए यह परिवार एक मिसाल है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता।

## बिजनेस साइट

### सुपेला में हिन्दी स्टेनो और टाइपिंग क्लास



**भिलाई।** स्टेनो गुरु जी संस्था सुपेला भिलाई में सभी छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। जिसमें हिन्दी स्टेनो परीक्षा आईटीआई में मेहर सिंह 94 प्रतिशत, मनीष कुमार 80 प्रतिशत तथा साथ ही अंजली शर्मा ने छत्तीसगढ़ बोर्ड से हिन्दी टाइपिंग की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया है। इस संस्था के माध्यम से बहुत से बच्चों ने स्टेनो तथा टाइपिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस संस्था के माध्यम से स्टेनो और टाइपिंग के सभी परीक्षा की तैयारी भी करायी जाती है जिसमें सरकारी और प्राइवेट परीक्षा सम्मिलित है।

### धनोरा में महाशिवरात्रि पर निकली पालकी यात्रा



**अंडा।** महावीर उद्यान धनोरा दुर्ग में विराजे भगवान भुतभावन भोलेनाथ एवं शनि देव महाराज की भक्तों ने शिवरात्रि पर्व पर पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की यहां पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था जो रात तक चला। वहीं रात्रि में भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई जो महावीर उद्यान से बजरंग पारा, बजार चौक, मेनगली शीतला पारा से राधाकृष्णन मंदिर होते फिर महावीर उद्यान पहुंचे। जगह-जगह भोले नाथ की पूजा-अर्चना किया गया। इस शोभायात्रा में बलराम साहू, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू, लक्ष्मण बाबा, अजय हिरवानी, लक्की पटेल, गुलशन साहू, भूपेश साहू, मारियल साहू सहित आदि भक्तों का विशेष सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप

### अर्जित अवकाश नकदीकरण गणना फार्मूला बदलेंः सीटू

**भिलाई।** सीटू ने बीएसपी के जीएम को हाईकोर्ट मद्रास का दिया हवालासीटू भिलाई ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक से मद्रास हाई कोर्ट के दस्तावेज का हवाला देते हुए बीएसपी में आर्जित अवकाश नकदीकरण गणना फार्मूला को बदलने की मांग की है। यूनियन के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताया कि अर्जित अवकाश नगदीकरण के लिए 30 दिन का महीना के आधार पर की जा रही वर्तमान गणना फॉर्मूला में परिवर्तन कर 26 दिन का महीना के आधार पर गणना करने के संदर्भ में 27 सितंबर 2024 को पत्र दिया था। उस गणना पद्धति पर बल देने हेतु अर्जित अवकाश नगदीकरण के संदर्भ में 19 सितंबर 2024 को मद्रास हाई कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय की प्रतिलिपि आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे है। हाई कोर्ट के निर्णय के इस दस्तावेज को संज्ञान में लेते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र में अर्जित अवकाश नगदीकरण गणना फार्मूला को शीघ्र बदलने की मांग की है।

### म्युचुअल ट्रांसफर मंजूरी देने में भेदभाव बंद हो

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक को पत्र लिखकर म्युचुअल ट्रांसफर आवेदनों की मंजूरी पर विभागाध्यक्षों द्वारा लगाई रोक पर संज्ञान लेने का माँग की है यूनियन ने कहा है कि सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा म्यूचुअल ट्रांसफर सहित अनुकंपा आधार पर एक यूनिट से दूसरी यूनिट में स्थांतरण के लिए गाईडलाइन जारी किया गया है। बीएसपी के कई विभागाध्यक्षों द्वारा इच्छुक कर्मचारियों के आवेदनों को अग्रसारित नही किया जा रहा है। कई विभागाध्यक्षों ने उसका मौखिक कारण बताया है कि उनके विभाग से मैनपावर रीलिज करने के बदले मानव संसाधन विभाग द्वारा दूसरा मैनपावर नही दिया जाता है, इसलिए विभाग के मैनपावर को बनाए रखने के लिएकार्मिकों के आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। बीएकेएस के अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी की जगह कुछ अधिकारी अपनी निजी पॉलिसी को लागू करने का प्रयास कर रहे है। मानव संसाधन विभाग की लापरवाही है कि म्युचुअल ट्रांसफर के कारण विभागों मे कम हुए मैनपावर की जगह दूसरे इस्पात संयंत्रों से आए अतिरिक्त मैनपावर को स्थांतरित नही किया जाता है। म्युचुअल ट्रांसफर के इच्छुक कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। गतिरोध पर प्रबंधन संज्ञान लेकर निदान करे। प्रबंधन की उदासीनता से कर्मियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने दिक्कतों को देखते हुए इस मामले में गतिरोध दूर कर समस्या के जल्द निदान की मांग की है।

# एसएमएस 3 ने 16 मिलियन टन संचयी उत्पादन का मील का पत्थर पार किया

## भिलाई इस्पात संयंत्र के मेहनतकश कार्मिकों के टीम वर्क से मिली उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने 16 मिलियन टन क्रूड स्टील का संचयी उत्पादन कर एक और मील का पत्थर पार किया। अब तक की यात्रा में उत्पादन दर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज की। 16 मिलियन टन का यह मील का पत्थर लो क्रॉस-सेक्शन में कास्टर चलाकर रिकॉर्ड 96 दिनों के भीतर हासिल किया गया वहीं पहले मिलियन टन का उत्पादन 663 दिनों में किया गया था, जबकि 22 नवंबर 2024 को एसएमएस-3 ने 102 दिनों में 15 मिलियन टन संचयी उत्पादन हासिल किया था। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए एसएमएस-3 ने ब्लास्ट फर्नेस, ऑक्सीजन प्लांट, आरईडी, आरसीएल, एमएसडीएस, टी एंड डी, ईडीडी और इंजिनियरिंग शॉप्स सहित संबद्ध इकाइयों के साथ मिलकर काम किया। उपकरणों को उत्तम स्थिति में रखकर सुनियोजित उत्पादन योजना और रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम दिया।

### डायरेक्टर प्रभारी ने कार्मिकों को किया प्रेरित

निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने विभागों के सीजीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शॉप फ्लोर पर पहुंचकर एसएमएस-3 की टीम को भविष्य में भी उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य में भी उत्पादन की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।




### मुझे कोई दुर्घटना नहीं चाहिएः ईडी राकेश

ईडी राकेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर चलना है। 16 से 17 मिलियन के लक्ष्य को हमें आगामी 85 दिनों में पूरा करना है। ब्लास्ट फर्नेस से हॉट मेटल की कोई भी कमी नहीं होगी, पर्याप्त मात्रा में मेटल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा पर पूरा ध्यान दें, यदि कोई भी दुर्घटना होती है तो आपकी उपलब्धियां शून्य मानी जाएंगी। मुझे कोई दुर्घटना नहीं चाहिए। सीजीएम प्रमोद कुमार ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि इन 96 दिनों के दौरान एसएमएस-3 द्वारा विभिन्न अनुकरणीय प्रदर्शन किए गए, जिनमें दिसंबर 2024 को एसएमएस-3 में यूनिवर्सल रेल मिल के यूआर और यूएफ के स्क्रैप रोल से आर्बर के बचाव से उत्पन्न बचे हुए स्क्रैप सामग्री का उपयोग कर 1650 टन विशेष स्टील ईएन-19 ग्रेड का उत्पादन शामिल है।

## प्लांट में नहीं है मोटरसाइकिल भी ले जाने की अनुमति, बढ़ी चोरी की घटनाएं

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिली बाकी एडब्ल्यूए राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों को प्रबंधन की उदासीनता से दोतरफा नुकसान हो रहा है। उन्हें कर्मचारियों को मोटरसायकल प्लांट के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। वहीं अब तक दस लाख का दुर्घटना बीमा भी लागू नहीं किया गया है। इससे मोटरसायकल चोरी और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने प्रबंधन से मजदूरों की दिक्कतों को देखते हुए समस्या के निदान की मांग की है।

श्रमिकों ने बताया की सभी श्रमिकों को संयंत्र के अंदर कार्यक्षेत्र में मोटरसाइकिल ले जाने की अनुमति नहीं होने से श्रमिक गेट के बाहर अपनी मोटरसाइकिल रखकर कार्य क्षेत्र तक पैदल जाते हैं। गेट के बाहर कोई सुरक्षा नहीं होने से लगातार गाड़ियां चोरी हो रही हैं। इससे श्रमिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने मांग की कि जहां पर गाड़ियां रखी जाती है वहां पर बीएसपी प्रबंधन गार्ड की व्यवस्था करें और उचित दस्तावेज उपलब्ध होने पर संयंत्र के अंदर मोटरसाइकिल ले जाने की अनुमति प्रदान करें।

### स्टील ठेका श्रमिक यूनि. इंटक ने प्रबंधन से मांगों को पूर्ण कराने की मांग




### पूर्ण वेतन व छुट्टी के लिए भी होगी प्रबंधन से चर्चा

श्रमिकों को अभी भी कई ठेका कंपनियों के द्वारा एडब्ल्यूए की पूर्ण राशि 3700 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ नहीं दिया जा रहा है जबकि बीएसपी द्वारा ठेका की राशि में दी जाती है। ठेका संबंधित विवरण में सभी ठेका श्रमिकों को वेतन के साथ 3700 ए डब्ल्यू ए देने की अनिवार्यता है उसके उपरांत भी ठेका कंपनियों द्वारा पूर्ण राशि नहीं दी जा रही है। श्रमिकों को 20 दिन कार्य करने पर एक दिन की छुट्टी प्रदान की जाती है लेकिन ठेका कंपनियों द्वारा ठेका श्रमिकों को छुट्टी नहीं दी जाती ना ही इसका भुगतान किया जाता है बीएसपी प्रबंधन ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम में छुट्टी का कालम भी अंकित किया जाए। यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि सभी विषयों पर बीएसपी प्रबंधन से लगातार चर्चा चल रही है एवं प्रयास किया जा रहा है कि सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा हो एवं श्रमिकों को निर्धारित पूर्ण वेतन एवं छुट्टी एवं अन्य सुविधाओं के लिए उच्च प्रबंधन से चर्चा कर जल्द ही इसका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

### श्रमिकों का हो 10 लाख का दुर्घटना बीमा

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने के बाद भी टाउनशिप, मैत्री गार्डन, केंटीन एवं प्रोजेक्ट में कार्य करने वाले अधिकांश ठेका श्रमिकों का ठेका कंपनियों द्वारा 10 लाख का दुर्घटना बीमा नहीं कराया गया है। इससे दुर्घटना में मृत्यु होने पर श्रमिकों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीएसपी प्रबंधन यह अनिवार्य करें कि बिना 10 लाख के दुर्घटनाबीमा के गेट पास ना बने एवं दुर्घटना का पॉलिसी नंबर गेट पास पर अंकित होना अनिवार्य करें।

## गौठान में आवारा कुत्तों से गायों का शिकारः प्रनाम ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम की देखरेख में संचालित कोसानगर भिलाई के गौठान में जीवित बछड़े-बछिया को आवारा कुत्तों का शिकार बनवाने के विरुद्ध सामाजिक संस्था प्रनाम ने मोर्चा खोला है। इस बारे में प्रनाम द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत सुपेला थाना और नगर निगम कमिश्नर से फोटो विडियो और गवाह के साथ शिकायत प्रस्तुत की गई। इस घटना के बारे में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने बताया कि, कोसानगर भिलाई नगर पालिक निगम भिलाई की देख रेख में एनजीओ द्वारा संचालित गौठान में मुनाफाखोरी के लिए गौ माता की निर्ममतापूर्वक मारा जा रहा है। 27 फरवरी की देर रात कोसानगर गौठान में 4 बछड़े एवं 3 गौ माता की गोठान में से आवारा कुत्तों का शिकार करवाया गया। इस गौठान में पर्याप्त शेड और चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गौ वंश हर दिन भूख प्यास और गर्मी से तड़प तड़प कर मर रहे हैं। 27 फरवरी को घटना से संबंधित फोटो ,विडियो लिए गए इसके अलावा गौठान के सीसीटीवी कैमरे में कुत्तों द्वारा गौ वंश को मारे जाने की घटना रिकार्ड हुई है। जिसके विरुद्ध सुपेला थाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध करवाने के लिए प्रनाम की ओर से लिखित शिकायत दी गई है। जिस पर तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल को भी वस्तुस्थिति से अवगत करवाया गया। जिसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोषियों के विरुद्ध जल्द एफआईआर करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान प्रबुद्ध नागरिक मंच के अध्यक्ष पवन केसवानी,जयप्रकाश यादव, संतोष तिवारी, अनिल निषाद, देवधर चौहान आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ सुपेला थाना व ननि कमिश्नर से एफआईआर की मांग

# मां बम्लेश्वरी की निकली शोभायात्रा जयकारे से गूंज उठा पूरा सेक्टर 6

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डोंगरगढ़वासिनी मां बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर में पिछले छह दिन से चल रहा 50 वां स्वर्ण प्रकटोत्सव आज गुरुवार को पूजाअर्चना के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर माता की शोभायात्रा निकली और पूरा क्षेत्र जयकारे से गूंज उठा। देरशाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मां बम्लेश्वरी मंदिर डाकतार कालोनी के पचास साल पूर्ण होने पर कल पांच कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति बाद आज मंदिर में माता की पूजाअर्चना हुई। इसके बाद महाप्रसाद वितरण हुआ। शाम को मां बम्लेश्वरी की भक्तिमय शोभायात्रा निकली। बाजे गाजे के साथ मंदिर से निकली शोभायात्रा बैंक कालोनी, गायत्री मंदिर होते हुए सेक्टर 6 ए मार्केट पहुंची। शोभायात्रा में देवी जगदंबा के सजेधजे रथ के पीछे पीत वस्त्र पहनें महिलाएं सर पर कलश उठाए चल रही थीं। श्रद्धालु माता के जयकारे लगा रहे थे। रास्ते में दर्शनार्थ खड़े लोगों को प्रसाद भी वितरित किया जा रहा था। शोभायात्रा ए मार्केट हनुमान मंदिर होते हुए गायत्री मंदिर मार्ग से वापस बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। मंदिर परिसर में रात को सुमन टिकरिया पार्टी बारामती कात्रोकिंग डुराचडी ग्रुप द्वारा संकीर्तन प्रस्तुत किया गया।



■ पूर्जा-अर्चना व महाप्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ 50 वां स्वर्ण प्रकटोत्सव

### मेरिट अवार्ड योजना से लाभान्वित होंगे श्रमिकों के बच्चे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों के बच्चों को प्रोत्साहित और सम्मानित करने प्रोत्साहन मेरिट अवार्ड योजना लागू की गई है। इसके तहत आठवीं, दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण मजदूरों के बच्चे पात्र होंगे। बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रोत्साहन योजना के तहत ऐसे ठेका मजदूर जिन्होंने 1 जुलाई 24 से पिछले दो साल में कम कम 3 माह की अविधि का कार्य पूर्ण किया हो, उनके बच्चे पात्र होंगे। 8 वीं, दसवीं व बारहवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को मेरिट आधार पर एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आठवीं के विद्यार्थियों के लिए 5 हजार, दसवीं 8 हजार और 12 वीं उत्तीर्ण बच्चों को 10 हजार राशि दी जाएगी।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129


04



न्यूयॉर्क फैशन

## लाइव इवेंट

### महिलाओं के क्रिकेट में झारखंड ने 2-1 से श्रृंखला जीती



■ दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में खेली गई वूमेंस अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता

**भिलाई।** महिलाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। प्रतियोगिता में भिलाई-दुर्ग के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया गया। अंडर 23 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड औ छत्तीसगढ़ के बीच तीन मैच खेले गए। पहले मैच में छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन पर आउट हो गई। जवाब में झारखंड की टीम ने चार विकेट पर 154 रन बनाकर यह मैच छह विकेट से जीत लिया। दूसरे मैच में झारखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम ने 6 विकेट पर 186 रन बनाकर यह मैच चार विकेट से जीत लिया। इस प्रकार श्रृंखला एक-एक से बराबर हो गई। फाइनल और निर्णायक मुकाबले में झारखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 245 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम 163 रन पर आउट हो गई। इस प्रकार झारखंड ने श्रृंखला 2-1 से जीत ली। झारखंड की टीम ने यह मैच 82 रन से जीता। मैचों के अंपायर हरप्रीत सिंह, कुशल वर्मा, पीयूष साहू एवं बलदेव सिंह रंधावा थे। स्कोरर की भूमिका में विनोद देवघरे थे।

## सिटी इवेंट

### आदिवासी अंचल से आकर पढ़ाई करने वाली छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण



■ सत्य साई सेवा संस्थान और आदिमजाति कल्याण विभाग का संयुक्त आयोजन

**दुर्ग।** सिविल लाइन स्थित विज्ञान विकास केंद्र छात्रावास में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सत्य साईं सेवा संस्थान ने सेवा एवं रचनात्मक कार्यों के अंतर्गत सिविल लाइन स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत छात्राओं के लिए यह शिविर आयोजित किया। उनके स्वास्थ के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। शिविर में महापौर अलका बाघमार, सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू, पार्षद बबीता यादव उपस्थित थे। सत्य साईं सेवा समिति, ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। महापौर बाघमार ने समिति के कार्य तथा सिद्धांतों की प्रशंसा की। शिविर में डॉ. मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं दी। मेडिसिन के चिकित्सक डॉ. अनिल विवेक सिन्हा, कान-नाक-गला के डॉ अविनाश गुप्ता, दंत चिकित्सक डॉ. हर्षिता तिवारी, डॉ. अभिषेक खरे, डॉ. अंकिता खरे, मनोविज्ञान के डॉ केएल भगत, नेत्र अधिकारी अरुण सिंह, होमियोपैथी चिकित्सक डॉ सूरज राजपूत ने भी सेवा प्रदान की। समिति सदस्यों में बीपी पांडेय, आरके तिवारी, हरीशचंद्र ठाकुर, संदीप नायडू, दिलीप ठाकुर, श्रीनिवास राव, सौरव पाण्डेय, नवीन त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### गांव-गांव में फोर-जी सर्विस के लिए केंद्रीय मंत्री का जताया आभार



**दुर्ग।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री और पूर्वोत्तर राज्यों के प्रभारी ज्योतिरादित्य सिंधिया से समाजसेवी मनीष भंडारी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव में फोरजी इंटरनेट की सर्विस उपलब्ध कराए जाने पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए दूरसंचार मंत्रालय में अपने कुशल नेतृत्व और प्रबंधन से बीएसएनएल को 17 वर्षों के घाटे से निकालकर मात्र आठ महीने के कार्यकाल में 262 करोड़ से अधिक के मुनाफ़े में लाकर खड़ा कर दिा है। यह देश के प्रति समर्पण की एक मिसाल है। उन्होंने अपनी कार्यक्षमता का दिखाई। इस पर केंद्रीय मंत्री को सम्मानित भी किया।

● साइंस कॉलेज दुर्ग में आयोजित कार्यशाला में कार्पोरेट ट्रेनर यामिनी राय ने दिए टिप्स

# बैंकिंग और फाइनेंस में रोजगार के बेहतर अवसर, आत्मविश्वास, संवाद कौशल और निर्णय लेने की क्षमता सक्सेस का मूलमंत्र

साइंस कॉलेज दुर्ग में करियर गाइडेंस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में युवा उद्यमी, इनवेस्टर, कार्पेरेट ट्रेनर प्रमुख रूप से मौजूद थे। कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा बैंकिंग और वित्त में करियर के अवसर पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक्सपट्‌र्स ने बताया कि आजकल के प्रतिस्पर्धी युग में करियर और जीवन से जुड़े फैसले अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। सही निर्णय लेने से न केवल हम अपने करियर को दिशा दे सकते हैं, बल्कि अपने जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर बना सकते हैं।



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह के निर्देशन में वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा बजाज फिनसर्व लिमिटेड के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छात्रों को करियर संबंधी फैसले लेने, संवाद कौशल, मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस सेमिनार का संचालन बजाज फिनसर्व के लीड ट्रेनर सिद्धांत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की समन्वयक कार्पोरेट ट्रेनर यामिनी राय थीं। वे एक मनोवैज्ञानिक भी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए वक्ता सिद्धांत अग्रवाल ने स्टूडेंट्स को बताया कि हम सभी का सपना है कि हम जल्दी और अधिक कमाई करें। लेकिन क्या हम इसके लिए तैयार हैं? उन्होंने आगे बताया कि किस प्रकार के कौशल जैसे आत्मविश्वास, संवाद कौशल और निर्णय लेने की क्षमता करियर की सफलता में मदद कर सकते हैं। स्टूडेंट्स से यह पूछा गया कि क्या वे अपने जीवन में किसी ऐसी कंपनी में काम करना चाहते हैं, जो उन्हें चुनौतीपूर्ण कार्य दे। या फिर वे एक आसान जीवन चुनना चाहते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया कि आजकल की शिक्षा व्यवस्था में स्नातकों को सिर्फ डिग्री मिलती है, लेकिन उनके पास व्यावहारिक ज्ञान की कमी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक तनाव औरभावनाओं को संभालने का तरीका एक सफलता का बड़ा हिस्सा है, क्योंकि ये सभी पहलु जीवन और करियर को प्रभावित करते हैं।



एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### लक्ष्य पाने के टूल्स जीवन के हर कमद में सफलता की कुंजी

वक्ता यामिनी राय ने कहा कि आत्मविश्वास और संवाद कौशल को मजबूत करना कितना महत्वपूर्ण है। इनका प्रभाव न केवल नौकरी पाने में बल्कि जीवन में हर पहलू में सफलता की कुंजी है। व्यावसायिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता (एआई) को समझना है, क्योंकि ये हमारी कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में छात्रों को यह बताया गया कि करियर का निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय हो सकता है। इसके लिए उचित मार्गदर्शन और तैयारी की आवश्यकता होती है।

### हर स्थिति में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी




वक्ताओं ने छात्रों को नसीहत दी कि हमेशा सकारात्मक सोच बनाए रखें। नकारात्मकता को जीवन में आने न दें। वे अपने लक्ष्य की ओर पूरी निष्ठा से काम करें। हर स्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखें। कार्यक्रम का समापन सत्र में स्टूडेंट्स को प्रेरित किया गया। इसमें उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में सोचने और अपनी क्षमताओं को पहचानने का आह्वान किया। इस सेमिनार ने विद्यार्थियों को उनके करियर के सफर में आत्मविश्वास और प्रासंगिक कौशल को महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. एचपी सलूजा, डॉ. प्रदीप जांगड़े, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता, सोमनाथ डड़सेना, प्रिया अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

जेसीआई का एयरवेज-एन इवनिंग इन पैरिस आयोजन

# पैरिस के रोमांटिक माहौल का ट्विनसिटी में कराया अहसास, रैम्प वॉक और वर्चुअल टूर रहे आकर्षण

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने इस बार एयरवेज-एन इवनिंग इन पैरिस थीम पर एक इवेंट कराया। इस थीम में सदस्यों को पैरिस जैसा अहसास कराया गया। ऐसा माहौल क्रिएट किया गया, कि सदस्यों को पैरिस में होने जैसा फील आए। सदस्यों को रोमांस, ग्लैमर और रोमांच से भरपूर सफर पर ले जाया गया। मनोरंजक गतिविधियों के साथ गेम्स भी हुए। शाम की शुरुआत एक शानदार स्वागत से हुई, जहां एंट्री को एक एयरपोर्ट चेक-इन काउंटर की तरह सजाया गया। मेहमानों को बोर्डिंग पास दिए गए और उन्हें खूबसूरत पेरिसियन माहौल में प्रवेश कराया गया।

विशेष फोटो बूथ तैयार किया गया, जहां एफिल टॉवर, स्ट्रीट लैंप्स और खूबसूरत फ्लोरल बैकड्रॉप्स मौजूद थे। कपल्स ने यहां परफेक्ट रोमांटिक पोज़ देकर खासा एंजॉय भी किया। शाम की सबसे चर्चित एक्टिविटी सेलिब्रिटी रैंप वॉक रही। सभी मेहमानों ने एयरपोर्ट सेलिब्रिटी लुक से प्रेरित स्टाइलिश आउटफिट्स में रैंप पर वॉक किया। जज के निर्णय के आधार पर बेस्ट रैंप वॉकर्स को सम्मानित किया गया। वर्चुअल वर्ल्ड टूर प्रतिभागियों को एक गेम के माध्यम से वर्ल्ड टूर कराया गया, जिसमें 10 मिनट में ज्यादा से ज्यादा डेस्टिनेशन कवर करने थे।

प्रप्रतिभागियों ने अति उत्साह के साथ इसमे हिस्सा ले कर वर्ल्ड टूर का आनंद लिया। म्यूजिकल प्रॉप गेम भी हुए। शाम को जीवंत बनाए रखने के लिए ऑर्गेनिसिंग टीम एरोमा के मेंबर्स प्रेजिडेंट आलोक रचना अग्रवाल, अमूल रेशु जैन, प्रणय राखी माहेश्वरी, कमल वर्षा झंवर, अर्पित कोमल चांडक और अभिषेक गुंजन भूतड़ा ने स्पेशल डांस परफॉर्मेंस दिए।




### जेसीआई ने एयरवेज-एन इवनिंग इन पैरिस थीम पर कराया इवेंट

शाम के अंत में प्यार और जश्न के साथ रैंप वॉक विनर्स और गेम्स के विजेताओं को सम्मानित किया गया। JCI एयरवेज़ – ऐन इवनिंग इन पेरिस एक शानदार सफलता रही, जिसमें मज़ा, फैशन और रोमांस का संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में पास्ट प्रेसिडेंट्स जेसी लख्मी रेखा लेखवानी, जेसी सी पी अंजू गजवानी, जेसी राजेश ऋचा सांखला, जेसी विकास ममता बाफना, जेसी विवेक मालवी शाह, जेसी प्रवीण ममता परमार, जैसी प्रणय राखी माहेश्वरी, जैसी रजनीश मंजू जैस्वाल, जेसी मोनीष अम्बालिका अग्रवाल, जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान एवं आईपीपी जेसी योगेश पद्मा राठी ने सक्रिय भागीदारी देकर इसका मजा और बढ़ा दिया। सभी मेहमान इस यादगार शाम को संजोकर अगली भव्य शाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। औ रिवॉयर, अगली मुलाकात तक!

## नर्सिंग कॉलेज

### स्नातक समारोह आज और राष्ट्रीय कान्फ्रेंस कल

**भिलाई।** शासकीय नर्सिंग कॉलेज कचांदुर दुर्ग का शपथ ग्रहण एवं स्नातक समारोह 28 फरवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर होंगे। अतिथि के रूप में शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज दुर्ग की डीन डॉ. तृप्ति नागरिया और डॉ. जयंती चंद्राकर मौजूद रहेंगे। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य रीमा राजेश ने बताया कि इस आयोजन के अगले दिन शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की ओर से तीसरी राष्ट्रीय कांफ्रेंस (हाइब्रिड मोड पर) शनिवार एक मार्च को रखी गई है। इसमें सुबह 9 से शाम 4 तक चार अलग-अलग वैज्ञानिक सत्र होंगे। संरक्षक छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन डॉ. यूएस पैंकरा, आयोजन चेयरपर्सन प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश, आयोजन सचिव ममता शाही साह हैं।

## आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने मनाया पांचवां स्थापना दिवस

# आईआईटी में शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर प्रभावी तकनीकी समाधान तलाशने हुए मंथन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने अपना 5 वां स्थापना दिवस मनाया। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों पर इस दौरान चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने तकनीक, शिक्षा और व्यवसाय पर विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी थे। उन्होंने शिक्षा और कौशल विकास के भविष्य को संवारने में तकनीकी प्रगति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीए चरनजोत सिंह नंदा, सीए अजय सोमानी, सीए प्रदीप पाल, श्रीकुमार बिस्वारंजन, ट्रिपल आईटी के निदेशक डॉ. प्रदीप के. सिन्हा, एनआईटी के डॉ. एनवी रामण राव, डॉ. जया मिश्रा, प्रोफेसर राम कुमार काकनी, वीके छबलानी, टीके मरकाम शामिल रहे।



### अलग-अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स ने साझा किए अपने विचार

इन अवसर पर अतिथियों ने शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर प्रभावी तकनीकी समाधान विकसित करने पर अपने विचार साझा किए। मंच की शोभा बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश, संतोष बिस्वास, प्रशांत माथुर, विंग कमांडर डॉ. जयेश चंद्र एस पाई, पद्मश्री फूलबासन बाई, भार्गव एम शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान, फेलोशिप प्राप्त छात्रों और परियोजना प्रमुख अन्वेषकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

### नवाचार और उद्यमिता के सेंटर बढ़ाए जाने की हुई सराहना

आईबीआईटीएफ के सीईओ प्रशांत माथुर ने सभी अतिथियों और हितधारकों का आभार व्यक्त किया। आईबीआईटीएफ को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनाने में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की गई। स्टार्टअप्स को सहयोग देने और समाज के लिए अनुसंधान-आधारित समाधान विकसित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम का समापन एक नेटवर्किंग सत्र के साथ हुआ, जिसने संभावित साझेदारियों को बढ़ावा दिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की विविधता और उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। अतिथियों ने बताया कि जैसे-जैसे आईबीआईटीएफ अपने अगले विकास चरण में प्रवेश कर रहा है। वह उभरते स्टार्टअप्स का समर्थन करने और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका को और अधिक मजबूत करने का लक्ष्य रखता है। इसे और आगे बढ़ाना है।



## सिटी इवेंट

# बीएसपी की 16 टीमें को मिला एपेक्स अवार्ड, विजेता सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग (आईईडी) द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में भिलाई स्टील सुझाव योजना के तहत एपेक्स अवार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे।अतिथियों ने विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार का टोकन प्रदान कर सम्मानित किया, जो विजेताओं के अगले वेतन के माध्यम से क्रेडिट किया जाएगा। बेस्ट सजेशन का पुरस्कार जीतने वाली यूआरएम टीम को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह और गिफ्ट सेट प्रदान किया गया। सीजीएम डीएल मोइत्रा ने स्वागत उदबोधन दिया।वर्ष 2023-24 के दौरान बीएसपी के विभिन्न शॉप्स और डिपार्टमेंट्स से प्राप्त 6,557सुझावों में से जोनल अवार्ड कमेटियों ने 30 सुझावों को एपेक्स अवार्ड के लिए अनुशंसित किया। अवार्ड कमेटी, के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक ने विभिन्न श्रेणियों में 16 टीमों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। इसमें श्रेणी-1 के लिए तीन पुरस्कार, श्रेणी-2 के लिए पांच पुरस्कार और श्रेणी-3 के लिए आठ पुरस्कार दिए गए।

■ तीस सुझावों को किया अनुशंसित

### आंबेडकर अवार्ड यूआरएम को मिला

इसके अलावा बेस्ट सजेशन श्रेणी-1 के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर अवार्ड यूनिवर्सल रेल मिल की टीम को दिया गया, जो "मॉडीफिकेशन ऑफ ग्लास रिले सर्किट फॉर आर्क सप्रेषन पर आधारित था। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम चंद्रनाथ जैन और जीएम नीरज वार्नर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

● सांसद विजय बघेल ने स्टूडेंट्स को समाज में समानता बनाए रखने की सलाह दी

# सीनियर्स ने जूनियर्स को ज्ञान का दीपक और सफलता की कुंजी सौंपी, ग्रेजुएशन सेरेमनी में शानदार प्रस्तुतियां हुईं सम्मानित

**भिलाई।** रंग-बिरंगी लाईटों से सजे स्टेज पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीवन में लक्ष्य हासिल करने और समाज में एकता का संदेश दिया। नृत्य व नाटक की शानदार परफॉर्मेंस को देखकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने की जमकर सराहना की। इस दौरान स्नातक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। जिससे पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान सीनियर्स भावुक दिखे तो वही जूनियर्स की आंखों में उत्साह दिखाई दिया। समारोह के अंत में कॉलेज के इस खूबसूरत पल की यादों को ताउम्र संजोए रखने ग्रुप फोटोशूट भी किया गया। अवसर था संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी का। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, भिलाई के तत्वावधान में रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन एसआरजीआई परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल उपस्थित थे।कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय रुगटा, निदेशक डॉ. साकेत रुंगटा, निदेशक अकादमिक डॉ. श्रीकांत बुजे, प्राचार्य आरसीएसटी डॉ तृप्ति अग्रवाल जैन, प्राचार्य आरआईएसएम डॉ जानेश श्रीवास्तव उपस्थिति थे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजा के साथ की गई। जिसके बाद आरसीएसटी की प्राचार्य डॉ तृप्ति अग्रवाल जैन ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए स्नातको को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। गणेश वंदना के बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य भी सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया।



### राष्ट्र निर्माण में योगदान देने प्रयासों की सराहना

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बघेल ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का हिस्सा बनना सभी के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को समाज में समानता बनाए रखने की सलाह दी। इस दौरान एसआरजीआई अध्यक्ष संजय रूंगटा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूरे एसआरजीआई परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की।





### स्टूडेंट हुए भावुक और अभिवावक सम्मानित, ली गई ग्रुप फोटो

समारोह के अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा कालेज के विद्यार्थियों को स्नातक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए और उनकी सफलता की कामना की। इस दौरान उपस्थित माता-पिता अपने बच्चों के साथ प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का अवसर पाकर बहुत प्रसन्न और भावुक दिखाई दिये। इसके अलावा सीनियर्स द्वारा जूनियर्स को ज्ञान का दीपक और सफलता की कुंजी सौंपी गई, जिसमें अर्जित ज्ञान और अगले बैच को सौंपते हुए जिम्मेदारी पर विचार भी किया गया। समारोह का समापन डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कॉलेज के दिनों की याद को ताउम्र संजोने स्नातकों का समूह फोटोग्राफ लिया गया। इस दौरान कई स्टूडेंट की आंखे नम दिखाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रतीचि और एकता द्वारा किया गया।

**संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन**

## हेल्थ इवेंट

# प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ





**भिलाई।** भारती आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के साथ साथ आसपास के लोगो ने आयुर्वेद एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय सेवा का लाभ उठाया। 100 बिस्तरों वाले भारती आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग में विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय शोधों के सामंजस्य से रोगियों का उपचार रियायती दरों पर चिकित्सा महाविद्यालय के अनुभवी चिकित्सीय विशेषज्ञों की टीम द्वारा पूरे किया जाता है। डॉक्टर्स ने ग्रामीणों को बताया कि चिकित्सालय में आयुर्वेदिक उपचार के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनमे पंचकर्म (वमन, विरेचन, नस्य, बस्ति, शिरोधारा, रक्तमोक्षण) के विशेष उपचार शामिल हैं। साथ ही चिकित्सालय में स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा आहार-विहार एवं योग परामर्श स्वस्थ एवं रोगी दोनों प्रकार के व्यक्तियों के उपलब्ध है। शल्य विभाग के द्वारा पाईल्स, फिशर, फिश्चुला का सफल उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति क्षारसूत्र से और मस्से आदि त्वचा संबंधी विकारों के लिए अग्निकर्म चिकित्सा कर उन्हे जड़ से समाप्त किया जाता है। स्त्री-प्रसूति एवं बच्चों के रोगों की चिकित्सा के साथ ही प्रत्येक पुष्य नक्षत्र में बच्चों हेतु स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया जाता है। जीवन -शैली जन्य रोग जैसे मधुमेह, उच्च अथवा निम्न रक्तचाप, मोटापा, अनिद्रा का उपचार आयुर्वेदिक पद्धति से साथ ही दर्द संबंधित रोग वात, गठिया, फ्रोजन शोल्डर, जोड़ों के दर्द, उदर संबंधित रोगों व सोरेरियासिस, सफेददाग आदि विभिन्न प्रकार के रोगों का उपचार उत्कृष्टता के साथ किया जा रहा है। संस्था रोगियों एवं समाज को बिना किसी भी प्रकार के साइड इफेक्ट वाली आयुर्वेदिक चिकित्सा, न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करा रही है।

■ आयुर्वेद व अत्याधुनिक चिकित्सीय शोधों से हो रहा रोगियों का उपचार

## शैक्षणिक भ्रमण

### स्टूडेंट्स ने पारले जी इंडस्ट्री का किया अवलोकन



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पत्रकारिता, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पारले जी बिस्किट इंडस्ट्री और नंदन वन गार्डन रायपुर का दौरा किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले पारले जी बिस्किट इंडस्ट्री का दौरा किया। जहां उन्होंने पारले जी ग्लूकोज बिस्किट बनने की पूरी प्रक्रिया कंपनी के कोआर्डिनेटर नवीन कुमार द्वारा सभी तकनीकी और मार्केटिंग की जानकारी दी गई जिसे स्टूडेंट्स ने जाना और समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने नंदनवन पक्षी विहार रायपुर का भी दौरा किया। जहां पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के पक्षियों को करीब से देखा और जाना। शैक्षणिक भ्रमण के लिए कॉलेज के प्रशासक डॉ. पी. एस. वर्गीस ने स्टूडेंट्स प्रोत्साहित किया। वहीं प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने भ्रमण के विषय में स्टूडेंट से प्रश्न भी किये और बच्चों ने उसका उत्तर दिया। जिसकी प्राचार्य ने सराहना किये। इस शैक्षणिक भ्रमण में अर्थशास्त्र विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष एवं अपर्णा दत्ता, समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति संतोष, पत्रकारिता विभाग से सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार, अमिताभ शर्मा विद्यार्थियों के साथ थे।

## महापौर ने किया पोस्टर विमोचन

# महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने 9 मार्च को होगा पिंक मैराथन



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 मार्च को हुनर नारी शक्ति ग्रुप द्वारा दूसरे वर्ष पिंक मैराथन का आयोजन शांति नगर दशहरा मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ट्विनसिटी की बच्चे, युवतियां और महिलाएं पिंक टीशर्ट में दौड़ लगाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश देगी। इस आयोजन के पहले पोस्टर विमोचन और टीशर्ट का उद्घाटन दुर्ग की महापौर दवरा कराया गया।

आयोजक ललित मोहन ने बताया कि पिछले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पिंक मैराथन सेंट्रल एवेन्यू बीएसपी में किया गया था। इस मैराथन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस प्रतियोगिता में समस्त प्रतिभागियों को निशुल्क टी शर्ट श्री विनायक फैशन तथा टोपी महोबिया ग्रुप द्वारा प्रदान की जाएगी। गुरुवार को पिंक मैराथन का पोस्टर विमोचन नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार, रिचा मिश्रा एडिशनल एसपी ट्रैफिक, डॉक्टर मानसी गुलाटी समाजसेवी द्वारा किया गया। यह मैराथन 3 किलोमीटर का रहेगा। मैराथन की शुरुआत जुंबा के कार्यक्रम से की जाएगी तथा समापन पर फूलों की होली खेली जाएगी।



पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डॉ सविता कबढ़वाल, पिया भौमिक, जिया, फरिश्ता, नम्रता सेन, मनप्रीत कौर, श्वेता ताम्रकार, सुचित्रा सोनी और हिना उपस्थित थे। आयोजन में मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर पिंक मैराथन की शुरुआत करेंगे।

## उपहार देकर दिया आशीर्वाद

# यूथ सिख सेवा समिति ने सिख परिवार की कन्या के विवाह में किया सहयोग



**भिलाई।** सुपेला गुरुद्वारा साहिब में सिख परिवार की एक कन्या का विवाह यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा कराया गया। जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने सभी व्यवस्थाओं में अपनी भागीदारी दी। साथ ही साथ कन्या के विवाह में आए सभी बारातियों के लिए भोजन, लावा, फेरे और लड़की के लिए सिलाई मशीन उपहार स्वरूप दी गई। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के सदस्यों ने समिति के गठन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी के लिए साल में एक बार गुरुद्वारे में सामूहिक विवाह का आयोजन यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा किया जाएगा। लेकिन बच्ची के घर से शादी कार्ड बन गया था और तैयारी भी हो चुकी थी पर बारातियों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्था नही हो पाई थी तब लड़की के घर वालों को हमारी समिति की जानकारी मिली। उन्होंने शादी का फॉर्म भरा और समिति के लोगो ने घर जाकर वेरिफिकेशन किया। सही पाए जाने पर कोर कमेटी यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने उन्हें आश्वासन दिया कि बारातियों का खाना, लावा फेरे और बच्ची के लिए सिलाई मशीन समिति के तरफ से दी जाएगी और ये पूरा भी किया गया। शादी में कन्या को आशीर्वाद देने के लिए समिति से यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, सचिव विक्रम सिंह, सचिव जसबीर सिंह, सचिव तरलोचन सिंह, खेलकूद समिति से हरजिंदर सिंह, निशान सिंह, विवाह समिति से सर्वजीत कौर, परमजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर, रसपाल कौर, रानी कौर और संतोष कौर मौजूद थे।

**समिति ने समाज की दूसरी कन्या का किया सहयोग**

## शिवनाथ तट पर यज्ञ कर दी आहुति

# अमृत देने वाले देव और विष पीने वाले महादेव कल्याण की साधना के लिए करें शिव की भक्ति



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जब हम किसी से मित्रता करते हैं तो हमारे और उसके बीच समानता की आवश्यकता होती है। शिव का अर्थ है मंगल, कल्याण, उत्साह, उमंग, आनंद, और शुभ। जिसका जीवन कल्याण स्वरुप है,वही शिव की भक्ति कर सकता है। जो अमृत पीता है वह देव बन जाता है और जो विषपान करता है, वह महादेव बन जाता है। हम सबको विषपान करने का अभ्यास करना चाहिए। यह बातें शिवनाथ नदी के किनारे आयोजित यज्ञ के कार्यक्रम के दौरान डॉ आर्य ने कही। महाशिवरात्रि के अवसर पर दुर्ग शिवनाथ नदी के किनारे महामृत्युंजय मंत्र यज्ञ का आयोजन किया गया था। इस दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि हम सबको विषपान करने का अभ्यास करना चाहिए।



### अमृत इष्ट है और विष अनिष्ट

यानी जीवन में कटु वचन, निंदा, ईर्ष्या अपने आप विष बनकर हमारे सामने आते हैं। हम उसका सामना न करते हुए उसे स्वीकार नहीं कर पाते हैं। जीवन विचलित हो जाता है बेचैन हो जाता है और परेशानियां शुरू हो जाती हैं। इसी कारण कुछ लोग डिप्रेशन का शिकार भी हो जाते हैं। जो शिव की सेवा करता है शिव की भक्ति करता है वह कभी अवसाद में नहीं जा सकता। हर किसी को जीवन में अमृत और विश्व दोनों मिलता है। अमृत इष्ट है और विष अनिष्ट। डॉ आर्य ने कहा कि शंकर आदियोगी हैं। शिवरात्रि पर हम सभी को ध्यान साधना का नियम बनाना चाहिए। शंकर बताते हैं कि विष को जब आप स्वीकार करें तब उसे गले के नीचे नहीं उतारना चाहिए। इसका अर्थ है कि उसे स्वीकार करके अपने जीवन का हिस्सा हमें नहीं बनना है।

### दिव्यांग को शाल देकर किया सम्मान

गीता में मुनियों की रात और दिन एवं साधारण लोगों की रात और दिन की चर्चा आई है। गीता में कृष्ण कहते हैं कि जो साधारण लोगों की रात है वह मुनियों का दिन है और जो मुनियों का दिन है वह साधारण लोगों के लिए रात है। जो जिसके लिए जगाता है वह उसके लिए दिन है और जो जिसके लिए सोता है वह उसके लिए रात्रि है। शुभ के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य ने प्रसाद वितरण किया। एक विकलांग युवक को शाल देकर सम्मानित किया। आचार्य ने गौ सेवा भी की। आर्य समाज शिवरात्रि को बोधरात्रि के रूप में मनाता है। इस दिन महर्षि दयानंद ने निराकार ब्रह्म को जानने की जिज्ञासा की थी।



## सिटी स्पोर्ट्स

### नन्हें तीरंदाजों ने दिखाया कमाल



**रायपुर।** एक दिवसीय राज्य स्तरीय मिनी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज ग्राउंड में 26 फरवरी को किया गया। इस आयोजन की खासियत यह थी कि पहली बार अंडर-10 के तीरंदाजो ने उम्दा प्रदर्शन किया। तीरंदाजी संघ को उम्मीद है कि आने वाले 2036 में छत्तीसगढ़ की यही बच्चे ओलंपिक में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका ने बताया कि पूरे प्रदेश से 150 तीरंदाज, कोच और मैनेजर इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। इनमें अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-15 तीनों ग्रुप में बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें विजय तीरंदाज आगामी विजयवाड़ा में होने वाले मिनी राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। आयुष मुरारका ने बताया कि शाम को पुरस्कार वितरण भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका के हाथों किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विजयवाड़ा में होने जा रही मिनी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज मेडल लाने के साथ अंडर-10 में भी राष्ट्रीय स्तर पर मैडल लेंगे। कैलाश मुरारका ने बताया कि तीन दिन पहले भारतीय तीरंदाजी संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों और कोच को दी गई है। जिसमें बताया गया कि जूनियर राष्ट्रीय तिरंगा प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ संघ करेगा वहीं कोच और जज सेमिनार भी छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ आयोजित करेगा।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन में लीग मुकाबले जारी



**रायपुर।** सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा अस्मिता बालिका व महिला एकल बैडमिंटन राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन 25 से 28 फरवरी के मध्य किया जा रहा है। इस कड़ी में 17 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल के चारों ग्रुप के लीग मैचों में शानदार खेल देखने को मिला। ग्रुप ए में पहल देवलिया (राजनांदगांव) ने आरुषि अलावा (रायपुर) को 21-19,21-15 से ,पहल देवलिया (राजनांदगांव) ने पवनीत कौर (दुर्ग) को 21-12,21-12 से,आरुषि अलावा (रायपुर) ने शानवी गुप्ता (रायपुर) को 7-21,21-9,21-15 से हराया। ग्रुप बी में सिद्धिम साहू (धमतरी) ने निकिता चावला (रायपुर) को 21-8, 21-6 से,सानवी छात्रे (रायपुर) ने देविका खत्री (बिलासपुर) 21-12, 21-14 से सिद्धिम साहू (धमतरी) ने देविका खत्री (बिलासपुर) 21-16,17-21,21-13 से, अराना कौशिक (रायपुर) ने निकिता चावला (रायपुर) को 26-24, 21-16 से हराया। ग्रुप सी में वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) ने आद्य भारती (रायपुर) को 21-5, 21-5 से, तिष्य मुक्ता (रायपुर) ने वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) को 21-13, 21-12 से, अराना परसाई (रायपुर) ने आद्य भारती (रायपुर) को 21-12, 21-6 से हराया।

ग्रुप डी में अराना श्रीवास्तव (बिलासपुर) ने यशस्वी शर्मा (रायपुर) को 21-2, 21-2 से, अराना श्रीवास्तव (बिलासपुर) ने अपला दीक्षित (रायपुर) को 21-18,21-18 से, मान्या गुप्ता (रायपुर) ने यशस्वी शर्मा (रायपुर) को 21-1, 21-1 से हराया।

### स्टैंड बॉल आल इंडिया यूनिवर्सिटी ओपन चैंपियनशिप में जुटे देश भर के खिलाड़ी



**रायपुर।** स्टैण्ड बॉल की पहली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ओपन महिला पुरुष चैंपियनशिप डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय और स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर में संपन्न हुई। चैंपियनशिप का उद्घाटन सीआरपीएफ के कमांडेंड राजकुमार के मुख्य आतिथ्य और प्रो दुबे कुलपति डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ। समापन नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक की उपस्थिति में हुआ। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित कुल 6 महिला और 8 पुरुष टीम ने हिस्सा लिया। दो दिनों तक चली यह प्रतियोगिता लीग मैचों के साथ हुई। जिसमें अंक के आधार पर महिला में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय और पंडित शंभूनाथ शुक्ला यूनिवर्सिटी शहडोल के बीच मैच संघर्षपूर्ण हुआ। दोनों ही टीम एक्स्ट्रा टाइम के साथ जीरो अंक पर रही टॉस के पश्चात शहडोल की टीम विजयी रही।

पुरुष टीम में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय और भिलाई के बीच मैच हुआ जिसमें 2–1 से अटल विश्वविद्यालय विजयी बना।

---

समय रहते डॉक्टर के पास जाएं और राहत पाएं

# छाती में भारीपन महसूस हो रहा तो संभव है गंभीर बीमारी का संकेत, हो जाएं सावधान

हेल्थ अलर्ट



क्या आपको भी अक्सर छाती में दर्द और भारीपन महसूस होता रहता है? अगर हां तो इसे अनदेखा न करें, कुछ स्थितियों में ये गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी हो सकती है। सीने में जकड़न या भारीपन के कई वजह हैं, ये शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की दिक्कतों के कारण हो सकती है। इतना ही नहीं दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में भी छाती में दर्द देखा जाता रहा है, यही कारण है कि समय रहते इस समस्या को लेकर डॉक्टर की सलाह लेना आपको गंभीर स्थितियों से बचाने में मददगार हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ लोगों को अक्सर रात में सोते समय ये दिक्कत देखी जाती रही है। आइए जानते हैं कि ये दिक्कत क्यों होती है और किन स्थितियों में आपको विशेष सावधान हो जाना चाहिए?

### मांसपेशियों में तनाव



सीने में दर्द इंटरकोस्टल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भी हो सकता है, पसलियों में खिंचाव आने से इस तरह की समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है। इंटरकोस्टल मांसपेशियों पर दबाव पड़ने से पसलियों पर जोर पड़ सकता है और छाती में भारीपन महसूस हो सकता है। दर्द निवारक दवाओं और आराम करने से इस समस्या में आराम पाया जा सकता है।

### पेरीकार्डिटिस की समस्या

छाती में होने वाले दर्द और असहजता का एक कारण पेरीकार्डिटिस की भी समस्या हो सकती है। पेरिकार्डिटिस, हृदय की दिक्कत है जिसके कारण सीने में दर्द और भारीपन बना रहता है। पेरीकार्डियम हृदय के आसपास के ऊतकों की परतों को कहा जाता है। पेरीकार्डिटिस तब हो सकता है जब पेरीकार्डियम में संक्रमण या फिर इसमें सूजन हो जाता है। संक्रमण की स्थिति का अगर उपचार न किया जाए तो यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

पाचन विकारों की समस्या

छाती में होने वाली जकड़न की समस्या, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) के कारण भी हो सकती है। ये एक पाचन विकार है जिसके कारण छाती में दबाव और सीने में दर्द की समस्या भी देखी जाती रही है। जीईआरडी तब होता है जब पेट का एसिड वापस ग्रासनली की ओर आ जाता है। सीने में दर्द के साथ-साथ आपको अत्यधिक लार आने, भोजन निगलते समय दर्द होने या गले में खराश की समस्या भी हो सकती है। जीईआरडी का समय रहते उपचार किया जाना आवश्यक माना जाता है।

### मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत

छाती में दर्द और जकड़न की दिक्कत शारीरिक समस्याओं के साथ कुछ स्थितियों में मानसिक विकारों के कारण होने वाली समस्या भी है। स्ट्रेस और एंग्जाइटी की स्थिति में भी छाती में दिक्कत महसूस हो सकती है। चिंता विकार मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जिसके कारण आप आशंकित और तनावग्रस्त महसूस कर सकते हैं। ये छाती में दर्द और जकड़न की समस्या के साथ मांसपेशियों में तनाव, पसीना आने, कंपन, दिल की धड़कन तेज होने, चक्कर और मितली की दिक्कत हो सकती है। मानसिक स्वास्थ्य विकारों का समय पर उपचार किया जाना जरूरी होता है।



---



# जीवन की कुछ कमाई संभव है बगैर पैसों के

पैसा हमारे जीवन के अधिकांश पहलुओं में हमारी मदद करता है। आपके पास कितना पैसा है, ये तय करता है कि आपको कैसी शिक्षा मिलेगी और आपकी लाइफस्टाइल कैसी होगी। हालांकि पैसा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन यह हर चीज की जगह नहीं ले सकता। आपको लगता होगा कि पैसे से आप कुछ भी खरीद सकते हैं। लेकिन जनाब ऐसी बहुत सी कीमती चीजें हैं, जिन्हें पैसे से नहीं खरीदा जा सकता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें पैसे से नहीं खरीदा जा सकता है।

**दोस्त :** बफ़ेलो यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग अपने पैसों पर घमंड करते हैं, वे अक्सर रोजमर्रा की जिंदगी में अकेलेपन का अनुभव करते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हम अक्सर अपने करीबी लोगों को पीछे छोड़ देते हैं और इसकी वजह से आगे चलकर हम अलग और अकेले हो जाते हैं। हमें उन लोगों को कभी नहीं भूलना चाहिए, जो हमारे शुभचिंतक हैं और वास्तव में हमारी परवाह करते हैं। हमारे जीवन में ऐसे लोगों की उपस्थिति हमारी इच्छाशक्ति को मजबूत करती है और हमें सफल होने के लिए प्रेरित करती है।



**समयः** पैसा आपको चौबीसों घंटे खुश जरूर रख सकता है, लेकिन आपके लिए दुख की बात ये है कि यह आपके लिए दिन में अतिरिक्त घंटे नहीं खरीद सकता। समय के महत्व को समझना और इसका बेहतर उद्देश्यों के लिए उपयोग करना आपकी वित्तीय स्थिति को बनाए रखने में मदद कर सकता है। समय का बेहतर उपयोग करना आवश्यक है। आपको यह भी याद रखना चाहिए कि एक बार बीत जाने के बाद यह वापस नहीं आएगा। हमारे यहां कहावत भी है, 'अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।' इसलिए समय का सदुपयोग करें और अपना समय अच्छे कामों में लगाएं।

**घर :** पैसा आपको आपके सपनों का घर खरीदने में मदद कर सकता है, लेकिन आपको एक सच्चा घर नहीं दे सकता। घर एक ऐसी जगह है, जहां लोग अपने परिवार या प्रियजनों के साथ रहते हैं और वहां उनकी यादें जुड़ी होती हैं। घर सिर्फ आराम करने की जगह नहीं है, बल्कि ये वो जगह है जहां हम भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। यदि आपके घर में सभी सुख सुविधाएं हैं, लेकिन आपके साथ रहने या आपके साथ घर साझा करने के लिए कोई नहीं है, तो आप अपने जीवन के सबसे महान क्षणों में से कुछ को खो रहे हैं।

**आत्मीयता :** आत्मीयता को एक व्यक्ति के प्रति स्नेही भावना और निकटता के रूप में परिभाषित किया गया है। इसका संबंध गहरे लगाव से है। यह किसी व्यक्ति से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ मामला भी है। एक स्वस्थ और पूर्ण संबंध के लिए आत्मीयता आवश्यक है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने में भी मदद करती है। पैसा आपकी कठिनाई को कम कर सकता है, लेकिन आपको भावनात्मक संबंध या आत्मीयता की गारंटी नहीं दे सकता है।



---

# फाल्गुन माह का जानिए महत्व और कुछ जरूरी बातें



फाल्गुन माह का प्राकृतिक, वैज्ञानिक और धार्मिक रूप से विशेष महत्व है। इस महीने में महाशिवरात्रि मनाई जा चुकी और आगे होली मनाई जाएगी। इसके अलावा, विजया एकादशी, यशोदा जयंती, जानकी जयंती, आमलकी एकादशी भी मनाई जाती है। फाल्गुन माह श्रीकृष्ण की उपासना को समर्पित है। कहते हैं कि इस माह में की गई भगवान कृष्ण की पूजा विशेष फलदायी होती है। फाल्गुन माह में भगवान श्री कृष्ण और राधाजी पर गुलाल अर्पित करके फाल्गुन के भजन गाने चाहिए। इससे जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है,दाम्पत्त्य जीवन सुखद रहता है। साथ ही घर में धन और वैभव का आगमन होता है।

फाल्गुन माह में संतान प्राप्ति के लिए श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, प्रेम और आनंद की प्राप्ति के लिए श्रीकृष्ण के युवा स्वरूप और साथ ही ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु कृष्ण की उपासना करना बहुत अच्छा माना गया है।

नवग्रहों में चंद्रमा को शीतलता और शांति का सूचक माना गया है। कुंडली में चंद्रमा की अच्छी स्थिति व्यक्ति के मन को शांत रखती है। इस महीने में चंद्रमा को रोजाना प्रणाम कर दूध से अर्घ्य देने से जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिलता है। मान्यता है कि ऐसा करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। इस महीने में अपनी क्षमता के अनुसार शुद्ध घी, सरसों का तेल, मौसमी फल, अनाज और वस्त्र आदि का दान करना चाहिए,ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### क्या न करें

फाल्गुन माह में होलाष्टक के इन 8 दिनों में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए, इससे दोष लगता है और कार्य सफल नहीं होते।

पूरे फाल्गुन माह में मांस-मछली या नशीली चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा अपनी वाणी पर संयम रखें और क्रोध से बचें।

फाल्गुन प्रेम और उल्लास का महीना है, जीवन में मिठास घोलता है ऐसे में इस महीने प्रेम पूर्वक व्यवहार करें मन में बुरे विचार न लाएं, दूसरों अहित न करें।

# किस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए?



वास्तु शास्त्र में दिशाओं का बहुत महत्व माना जाता है। दिशाओं के हिसाब से ही कार्य करना वास्तु में शुभ माना गया है। इसी कड़ी में हमारा सोना भी आता है। यानी कि हमें किस दिशा में पैर करके सोना चाहिए और किस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए, इसका ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स बता रहे हैं कि आखिर किस दिशा में पैर करके सोने से बचना चाहिए।

### किस दशा में पैर करके सोने से बचें?

वास्तु शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि दक्षिण दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए। इसके पीछे का धार्मिक कारण कहता है कि दक्षिण दिशा यम की दिशा होती है। शास्त्रों के अनुसार, जब किसी के प्राण यमराज हरते हैं तो उस व्यक्ति की आत्मा पैरों के माध्यम से ही शरीर त्यागती है।

ऐसे में अगर दक्षिण दिशा की ओर पैर करके सोया जाए तो यह इस बात का संकेत है कि आप पर यम का ख़तरा मंडरा रहा है। अकाल मृत्यु जैसे भयंकर योग का निर्माण भी हो सकता है। इसके अलावा, ऐसा भी कहा जाता है कि दक्षिण में पैर करके सोने से घर में बीमारी आती है।

दक्षिण दिशा किसी भी कार्य के लिए अशुभ मानी जाती है, फिर चाहे वह इस दिशा में पैर करके सोना ही क्यों न हो। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में पैर करके सोने से जुड़ा एक तथ्य और भी है। शास्त्रों के अनुसार, असल में दक्षिण दिशा में पूर्वज यानी कि पितरों का भी वास होता है।

ऐसे में दक्षिण दिशा में पैर करके सोना पितरों के अपमान के समान है। दक्षिण दिशा में पैर करके सोने से पितृ नाराज होते हैं और आपको एवं परिवार को कष्ट पहुंचाते हैं। इस दिशा में पैर करके सोना पितृ दोष को भी जन्म देता है। इसलिए इस दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए।

---

कार्नर न्यूज

इन दिनों फैशन हो चुका वीगन डाइट

# वीगन डाइट अपना रहे हैं तो इसके इस्तेमाल से शरीर में होने वाले बदलाव भी जरूर जानिए

आज के समय में लोग अपनी सेहत के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी बहुत अधिक जागरुक होते जा रहे हैं। यही कारण है कि अब लोग अपने खानपान का अधिक ध्यान रखने लगे हैं। साथ ही साथ, वह यह भी कोशिश करते हैं कि उनकी ईटिंग हैबिट्स के कारण पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान ना हो। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों में लोग वीगन डाइट पर स्विच कर चुके हैं। वीगन डाइट वेजिटेरियन डाइट से थोड़ी अलग होती है। इसमें सिर्फ एनिमल से मिलने वाले प्रोडक्ट्स को भी शामिल नहीं किया जाता है। यही कारण है कि जब लोग नॉन-वेज या वेज डाइट से वीगन डाइट पर स्विच करते हैं तो उनके शरीर में कुछ बदलाव नजर आते हैं। आपको अपने शरीर में कुछ पॉजिटिव व कुछ नेगेटिव इफेक्ट्स नजर आ सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि वीगन डाइट पर स्विच करने के बाद आपके शरीर में क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं-



### एनर्जी बूस्ट होना

जब आप वीगन डाइट पर स्विच करते हैं तो आपको सबसे पहले अपनी बॉडी के एनर्जी लेवल में बदलाव महसूस होता है। कुछ ही दिनों में आप खुद को पहले से अधिक एनर्जेटिक व लाइट फील करने लगते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि आप अपनी डाइट से प्रोसेस्ट मीट को बाहर कर देते हैं और उसकी जगह फल, सब्जियों व नट्स को जगह देते हैं। इन फूड्स में पाए जाने वाले विटामिन, मिनरल्स और फाइबर आपके एनर्जी लेवल को बूस्ट करने में मदद करते हैं।

### बाउल फंक्शन में बदलाव होना

अगर आप वीगन डाइट पर स्विच करते हैं और किसी भी तरह के एनिमल प्रोडक्ट्स का सेवन नहीं करते हैं तो इससे आपके बाउल फंक्शन पर इसका असर नजर आ सकता है। हालांकि, हर व्यक्ति में अलग हो सकता है। मसलन, आपका बाउल फंक्शन अधिक रेग्युलर हो सकता है या फिर आपको ब्लोटिंग व दस्त की शिकायत हो सकती है। ऐसा वीगन डाइट के फाइबर कंटेंट के कारण होता है। इतना ही नहीं, कार्ब्स अधिक लेने से वह आंतों में फरमेंट करते हैं, जिससे आपको इरिटेबल बाउल सिंड्रोम की शिकायत हो सकती है। हालांकि, समय के साथ-साथ आपका बाउल मूवमेंट एडजस्ट होने लगता है।



### वजन कम होना

वीगन डाइट पर स्विच करने से कई लोगों का वजन भी कम होता है। खासकर, अगर वे पहले सैचुरेटिड फैट और कैलोरी से भरपूर एनिमल प्रोडक्ट्स का सेवन कर रहे थे। दरअसल, वीगन या प्लांट बेस्ड डाइट में कैलोरी कम होती है और फाइबर अधिक पाया जाता है। जिससे आपका वजन कम होना शुरू हो जाता है।

वीगन डाइट लेने से आपको कई तरह के पोषक तत्वों की शिकायत हो सकती है और उसका असर आपके शरीर पर नजर आ सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# दो एवेंजर्स फिल्मों की शूटिंग जारी एक्समैन या डेडपूल को लेकर सवाल



फिल्म निर्देशक एंथनी और जो रुसो ने अपनी आगामी फिल्मों 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' की शूटिंग के बारे में कुछ अहम जानकारी साझा की है। जो रुसो ने एक इंटरव्यू में जानकारी दी कि इन दोनों फिल्मों की शूटिंग लंदन में लगातार चल रही है। उन्होंने कहा कि यह एक लंबा और चुनौतीपूर्ण काम है, जिसे पूरा करने में काफी मेहनत लग रही है। जो रुसो ने कहा, ₹हम लंदन में शूटिंग कर रहे हैं। ये दोनों फिल्में बैक-टू-बैक शूट हो रही हैं, जिसकी वजह से काफी काम बढ़ गया है। हम यह नहीं कह सकते कि हम इस दौरान सर्वाइव करेंगे या नहीं, लेकिन हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। हम कहानी में एक नया रास्ता ढूंढने में सफल हुए हैं जो दर्शकों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा और हमारे लिए भी इसे सही तरीके से अंजाम देना चुनौतीपूर्ण है। यह हमें काम करने के लिए प्रेरित करता है। हम इसके लिए बहुत उत्साहित हैं।₹ जब उनसे पूछा गया कि क्या इन फिल्मों में एक्स-मेन या डेडपूल के पात्र दिखाई देंगे तो जो रुसो ने जवाब दिया, ₹किसे पता? मुझे नहीं पता। मैं यह नहीं जानता कि कौन सा किरदार हम इस फिल्म में दिखाएंगे। मार्वल के किसी भी किरदार का आगमन हो सकता है।₹ वहीं, एंथनी रुसो ने मजाक करते हुए कहा, "अगर आप अपनी आंखें बंद करें और कल्पना करें तो आप किसी भी किरदार को देख सकते हैं जो आपको पसंद हो।" रुसो ब्रदर्स ने पहले भी मार्वल की चार बड़ी फिल्मों का निर्देशन किया है, जिनमें 'कैप्टन अमेरिका द विंटर सोल्जर', 'कैप्टन अमेरिका- सिविल वॉर', 'एवेंजर्स इंफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्स एंडगेम' जैसी फिल्में शामिल हैं।

### टॉलीवुड

# डांस वीडियो के साथ प्रभु देवा ने बेटे का कराया परिचय, कहा- गर्व महसूस हो रहा



फिल्म निर्माता, अभिनेता और कोरियोग्राफर प्रभु देवा ने अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को एक पावर-पैक डांस वीडियो के जरिए पेश किया है। उन्होंने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए इसकी जानकारी साझा की है। फिल्म निर्माता, अभिनेता और कोरियोग्राफर प्रभु देवा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। उनके डांस स्टेप्स के दीवानें दुनियाभर में हैं। हाल ही में प्रभु देवा ने अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को एक पावर-पैक डांस वीडियो के जरिए पेश किया। अब यह वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है।

प्रभु देवा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पिता-पुत्र की जोड़ी एक साथ परफॉर्म करती नजर आ रही है। वीडियो में प्रभु देवा और उनके बेटे को मंच पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। फैंस उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं। प्रभु देवा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ₹अपने बेटे ऋषि रागवेंद्र देवा को पेश करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि हम पहली बार सुर्खियों में हैं! यह डांस से कहीं बढ़कर है-यह विरासत, जुनून और एक यात्रा है जो अभी शुरू हुई है।₹

प्रभु देवा ने जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की उनके फैंस कमेंट सेक्शन में टूट पड़े और अपनी प्रतिक्रिया देने लगे। कई यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ₹जैसा पिता, वैसा बेटा।₹ इसी तरह कई सारे प्रशंसा वाले कमेंट देखने को मिले। प्रभु देवा एक मशहूर कोरियोग्राफर, निर्देशक और अभिनेता हैं। प्रभु देवा के फैंस उन्हें भारत का माइकल जैक्सन भी कहते हैं। उन्होंने कई हिट गानों की कोरियोग्राफी की है और सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं। डांस के अलावा प्रभु देवा ने कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है। हाल ही में उन्हें हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रवि कुमार' में देखा गया है।

### भोजपुरी

# हनी के गीत में रागिनी ने लगाया है खास तड़का, मुंडन में गाती थीं गीत



बॉलीवुड सिंगर और रैपर यो-यो हनी सिंह के मिनियेक सॉन्ग 'दीदिया के देवरा चढ़वले बाटे नजरी' इस वक्त इंटरनेट पर खूब चर्चा में है। मजेदार ये है कि रैप वाले इस गाने में भोजपुरी का तड़का है। ये गाना केवल बिहार या यूपी तक नहीं बल्कि देश और दुनिया भर में सुना जा रहा है। इस गाने का फ्यूजन हर सुनने वालों को हैरान कर रहा है। हनी सिंह के इस रैप सॉन्ग में ईशा गुप्ता भी नजर आ रही हैं। हालांकि, गाने की रिलीज के बाद से सबसे अधिक चर्चा हो रही है भोजपुरी वाले हिस्से के गाने और लिखने वालों की। सवाल ये उठ रहा है कि उनका हनी सिंह से कैसे कनेक्शन बना। इस गाने की सिंगर रागिनी विश्वकर्मा और लेखक अर्जुन अजनबी से बात की। मजेदार ये है कि रागिनी को पता भी नहीं था कि हनी सिंह के साथ गाएंगी। हनी सिंह की टीम से विनोद वर्मा नाम के शख्स ने रागिनी को संपर्क किया और उन्हें बताया गया कि आपका गाना बॉलीवुड में रिलीज किया जाएगा।

इस रिपोर्ट में रिगिनी ने बताया कि जब गाना पूरा फाइनल आ गया और टीजर आ गया तब मुझे बताया गया कि हनी सिंह के साथ गाना आ गया है। बताया गया है कि ये गाना 6 दिन रिहर्सल के बाद बनारस में शूट हुआ। इसकी शूटिंग बनारस के कीनाराम बाबा मंदिर के भीतर बने स्टूडियो में शूट किया गया है। गाने के लिरिसिस्ट अर्जुन अजनबी से गाने के डबल मीनिंग पर किए सवाल पर कहा, 'गाने को चलाने के लिए कुछ तो चटक चाहिए और चूंकि इसी तरह की डिमांड थी तो हमने इसी किस्म का गाना लिखा कर दे दिया।'

## लाइफ स्टाइल

### न्यूयॉर्क का फैशन



> न्यूयॉर्क फैशन वीक ने आधिकारिक तौर पर फैशन महीने की शुरुआत कर दी है, और इसके उभरते सौंदर्य रुझान पहले से ही आने वाले सीज़न के लिए माहौल तैयार कर रहे हैं। कोलिना स्ट्राडा में तेंदुए के प्रिंट वाले चेहरे और थॉम ब्राउन में घने पंखदार पलकें प्रयोग की शुरुआत मात्र थीं।

# सफेद कपड़ों के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये शेड्स, हर स्किन टोन के लिए रहेंगे बेस्ट

फैशन ट्रेंड में सफेद कलर के कपड़ों को काफी पसंद किया जाने लगा है। वहीं इस कलर के साथ अक्सर हम लिपस्टिक का सही शेड चुनते समय काफी बार कंफ्यूज हो जाते हैं। लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स आपकी व्हाइट ऑउटफिट को स्टाइलिश लुक देने में सहायता करेंगे।



### ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड

सटल और ड्युई लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के लुक के साथ आप लिप्स के लिए ग्लॉसी पिंक कलर का लिप शेड चुन सकती हैं। इसके अलावा आप मैट पिंक लिपस्टिक होंठों पर लगाकर अलग से ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह शेड फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेस्ट नजर आएगा।

### चॉकलेट ब्राउन लिपस्टिक कलर

नाइट लुक के लिए बोल्ड और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का मैट चॉकलेट ब्राउन लिप शेड आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के लिप कलर के साथ आप स्मोकी आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। कोशिश करें कि लुक को मैट में रखें तो यह देखने में काफी क्लीन और क्लासी नजर आएगा।

### मॉव पिंक कलर लिपस्टिक

ब्यूटी ट्रेंड में आजकल मॉव शेड्स को काफी सराहा जा रहा है। ब्लैक के साथ आप इसमें पिंक कलर के शेड को चुन सकती हैं। कूल टोन वाले पिंक शेड का चुनाव करें और वार्म टोन को अवॉयड ही करें। यह कलर लगभग हर तरह के स्किन टोन पर आसानी से सूट करता है।

### ब्लड रेड लिप शेड

रेड कलर देखने में काफी आइकोनिक लुक देने में मदद करता है। इसमें ब्लैक के साथ आप ब्लड रेड कलर को सकती हैं। इसके अलावा आप थोड़ा ब्लैक टोन वाले डीप रेड लिप कलर को चुन सकती हैं। कोशिश करें कि ब्लैक के साथ ब्राइट शेड ही चुनें।

# ब्राइडल लुक पूरा होगा डायमंड ज्वेलरी के साथ, लेटेस्ट डिजाइन है आपके लिए





फैशन

शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर दुल्हन अपने लिए शॉपिंग करने में बिजी है। किसी को कपड़ों की शॉपिंग करना पसंद होता है। लेकिन आजकल हर कोई अपनी ज्वेलरी पर खास ध्यान दे रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक परफेक्ट लगता है। एक्ट्रेस भी आजकल सबसे ज्यादा अपनी ज्वेलरी पर ध्यान दे रही हैं । हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की शादी हुई है, उन्होंने अपने ब्राइडल लुक के साथ डायमंड अनकट ज्वेलरी को वियर किया। आप भी ऐसे ही डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।



### ग्रीन डायमंड सेट

अगर आपको एमराल्ड पहनना पसंद है लेकिन महंगे आने की वजह से आप इस डिजाइन के सेट को स्टाइल नहीं कर पा रही हैं तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ग्रीन एमराल्ड के सेट आपको मार्केट में मिल जाएंगे, जो सेम रियल डायमंड की तरह नजर आएंगे। इस तरह के सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। पीच कलर लहंगे या रेड कलर लहंगे के साथ ये अच्छा लगेगा। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 1500 से 2500 में मिलेंगे। आप चाहें तो रेंट पर भी खरीद सकती हैं।

### रेड रूबी डायमंड सेट

आजकल ग्रीन के साथ-साथ रेड कलर रूबी डायमंड सेट भी ट्रेंड में है। इसमें आपको पूरे सेट में ये डायमंड नहीं मिलेगा। सिर्फ एक पेंडेंट मिलेगा। जिससे ये सेट हैवी लगेगा। इसे आप भी अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के आर्टिफिशियल सेट आपको 1000 से 3000 रुपये में मिल जाएंगे। आप इसके साथ मैचिंग नथ और मांग टीका भी ले सकती हैं।

### डायमंड सेट

अगर आपको किसी तरह का कोई कलर अपने सेट में नहीं रखना है तो इसके लिए आप वन वर्क वाले डायमंड सेट को खरीद सकती हैं। इसमें आप चाहे तो स्टोन वर्क ले सकती हैं। वरना आप चाहें तो जाली वर्क या फ्लावर डिजाइन को भी अपने लहंगे के साथ पेयर कर सकती हैं। इसके साथ आपको मैचिंग इयररिंग्स और मांग टीका मिल जाता है। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 2000 से 4000 की रेंज में अच्छी क्वालिटी में मिल जाएंगे। इन डायमंड सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल करें।

# गर्मी के दिन आ रहे, जानें स्कार्फ और उनको पहनने का सही तरीका

अब चूंकि गर्मी के दिन आने ही वाले हैं, ऐसे में स्कार्फ भी बाहर निकलेंगे। वैसे, सर्दी का मफलर और गर्मी का स्कार्फ दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अगर आप मफलर पहनते हैं तो ये बताने की आवश्यकता नहीं कि इसको पहनना क्यों जरूरी है।

इसको आप गमछे का फैशनेबल रूप भी समझ सकते हैं। क्योंकि हाल ही में गमछा को स्टाइलिश और मशहूर करने वाले राइटर ने भी यही कहा था, स्कार्फ एक प्रकार से गमछा ही है। दरअसल, गमछे में भी अब कई प्रकार के डिजाइन व स्टाइल आ चुके हैं। ये मल्टीपर्पज होते हैं। इसलिए इनको अपने साथ रखना ही चाहिए।

### पुरुषों के स्कार्फ कैसे होते हैं?

पुरुषों के स्कार्फ और लड़कियों के दुपट्टे में मामूली सा फर्क होता है। लड़कियों का दुपट्टा अधिक लंबा, फ्लोरल और चौड़ा होता है।जबकि स्कार्फ पुरुषों की अलग-अलग ड्रेस के हिसाब से होता है। यह रूमाल के आकार और मफलर की लंबाई का भी हो सकता है।



### लड़के स्कार्फ क्यों पहनें

हर ड्रेस को पहनने के फायदे हैं। इसे भी एक प्रकार की एसेसरीज ही समझें। स्कार्फ को पहनने के बाद लड़कों का समर लुक और ज्यादा अट्रैक्टिव दिखता है। साथ ही ये गले के पसीने को सोखता है, जिससे कि आपको कंफर्टेबल महसूस होगा। खासकर, जिन लोगों के गले के पास पसीना बहुत निकलता है उनको स्कार्फ रखना चाहिए। मुझे लगता है कि मफलर कैरी करने वालों को यह बात अच्छी तरह पता है। बस अब आपको समर स्कार्फ कैरी करने का तरीका समझना होगा। अगर आप पहली बार स्कार्फ यूज करने की सोच रहे हैं तो शायद आपके लिए ये जानकारी और भी जरूरी हो जाती है।

# कलीदार सूट में पाना चाहती हैं परफेक्ट फिटिंग तो इन बातों को न करें नजरअंदाज

सूट के कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे, लेकिन आज भी ज्यादातर हम इसे रेडीमेड खरीदने की जगह टेलर की मदद लेकर सिलवाना पसंद करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आजकल अनारकली स्टाइल कलीदार सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है।

हालांकि, पाकिस्तानी स्टाइल सूट में आपको काफी डिजाइन आसानी से रेडीमेड मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कालिदार सूट सिलवाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आपका लुक और बॉडी शेप परफेक्ट नजर आए।

### कलीदार सूट के लिए किस तरह के डिजाइन को चुनें?

कलीदार स्टाइल सूट का डिजाइन ज्यादातर फ्लोरल या अरेबिक डिजाइन का चुना जाता है। इसके अलावा इसके लिए लेस वर्क को काफी पसंद किया जाता है। लेस की बात करें तो इसमें चिकनकारी,



गोटा-पट्टी वर्क, फ्लोरल डिजाइन, सेल्फ वर्क, किनारी लेस जैसे कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क को आप नेकलाइन, घेरे, स्लिट, स्लीव्स और भी कई तरह से बॉर्डर डिजाइन बनवाने के लिए चुन सकती हैं। कलीदार स्टाइल सूट की लेंथ लंबी रखी जाती है और इस तरह के सूट साथ आप पैन्ट्स बनवाते समय डिजाइन का विशेष रूप से ख्याल रखें।

## कार्नर न्यूज

### कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं तो इन टिप्स पर जरूर दीजिए ध्यान

# कम कपड़ों में ज्यादा स्टाइल चाहिए तो तैयार कीजिए इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब

*इंटरचेंजेबल .बड़ा कठिन सा लगने वाला यह शब्द असल में जिंदगी आसान बना देता है। आसान ऐसे कि कई चीजों को कई तरह के कॉम्बिनेशन में मिलाकर हर बार कुछ नया देखने को मिलता है। ये फॉर्मूला इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब पर फिट बैठता है। इसका मतलब है कम कपड़ों में ही खूब सारी कॉम्बिनेशन ड्रेस और खूब सारे लुक। यह उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं या कर ही नहीं सकते। इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब शुरू में जरूर कठिन लग सकती है। क्योंकि इसे तैयार करने में कई बातें याद रखनी होती हैं। कभी रंगों का मेल तो कभी पैटर्न। लेकिन इसके बाद जब भी इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब की आपको याद आएगी, अपने लुक को लेकर एक सुकून जरूर नजर आएगा।*



### होंगे तीन फायदे

इस अनोखी वॉर्डरोब के तीन अलग-अलग फायदे हैं। इनको जानने के बाद आप अपनी वॉर्डरोब को इंटरचेंजेबल बनाने के बारे में जरूर सोचेंगे। अलमारी मैनेज रहेगी क्योंकि उसमें बस जरूरतभर के कपड़े होंगे। कपड़ों पर खर्चा कम। तैयार होने में कम समय लगेगा क्योंकि बहुत सारे कपड़ों में से चुनने की झंझट खत्म हो जाएगी। आपको पहले से पता होगा कि इस कपड़े को इसके साथ मैच करके पहनना है।

### जो है, सो है

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब के लिए आपको फिर से नए कपड़े खरीदने की भी जरूरत नहीं है। आपके पास जो कपड़े हैं, उन्हीं में से आपको अपनी इस वॉर्डरोब के लिए कपड़े मिल जाएंगे।इसमें आप अपने उन पुराने कपड़ों को भी शामिल कीजिए, जिन्हें आपने लंबे समय से पहना ही नहीं है। पुराने और आपकी पसंद से बाहर ये कपड़े किसी दूसरे कॉम्बिनेशन के साथ आपको जरूर अच्छे लगेंगे।

### इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का साथी

इस वॉर्डरोब के कुछ साथी भी होते हैं। ये वो साथी हैं जो इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब बनाने में काफी मदद करते हैं। दरअसल ये वो कपड़े होते हैं, जो आसानी से किसी भी रंग और पैटर्न के साथ मैच कर जाते हैं। इन कपड़ों में सबसे पहले तो सफेद शर्ट और नीली जींस आती है। ब्लैक पेंट भी इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का अहम हिस्सा है तो नेवी ब्लू शर्ट भी। गुलाबी या लाल रंग की शर्ट इस वॉर्डरोब का हिस्सा बिल्कुल नहीं बन सकती है। क्योंकि ये किसी खास पैंट के साथ ही आपकी पर्सनैलिटी पर अच्छी लगेगी।

